
# वार्षिक रिपोर्ट
# Annual Report
# 2019-20



विद्याधनं सर्वधनप्रधानम्

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान

**National Institute of Open Schooling**

ISO 9001 : 2015 Certified

(An Autonomous Institution under Ministry of Education, Govt. of India)

# अध्यक्ष का संदेश
# Chairperson's Message



राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) विश्व का सबसे बड़ा मुक्त विद्यालय है। एनआईओएस मानव संसाधन विकास मंत्रालय के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्था है और माध्यमिक तथा उच्चतर माध्यमिक स्तर पर सामान्य एवं शैक्षिक पाठ्यक्रमों के साथ-साथ बहुत-से व्यावसायिक, जीवन समृद्धि और समुदाय अभिमुखी पाठ्यक्रम प्रदान करता है। एनआईओएस का लक्ष्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लक्ष्यों को प्राप्त करना और शिक्षा के अधिकार एवं समग्र शिक्षा के अनुसार बच्चों के मौलिक अधिकार और उनकी शिक्षा सुनिश्चित करना भी है। यह शिक्षार्थियों को उनके द्वार पर शिक्षा प्रदान करता है। एनआईओएस शिक्षा वंचितों तक शिक्षा पहुँचाने की अथक सेवा कर रहा है। यह मुक्त बेसिक शिक्षा (ओबीई) कार्यक्रम द्वारा प्रारंभिक स्तर के पाठ्यक्रम भी प्रदान करता है।

एनआईओएस मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से स्कूली शिक्षा प्रदान करने की दिशा में सतत रूप से अग्रसर है। देश के लगभग सभी राज्यों में हमारी कुल 6229 प्रत्यायित संस्थाएं हैं जो कार्यक्रम के प्रसार के लिए निरंतर सहयोग करती हैं। वर्ष 2019-20 के दौरान, 4,66,606 नए शिक्षार्थियों ने माध्यमिक, उच्चतर माध्यमिक और व्यावसायिक शिक्षा के पाठ्यक्रमों में नामांकन कराया। एक विशद शिक्षार्थी सहायता सेवा कार्यक्रम द्वारा मुद्रित और गैर-मुद्रित सामग्री, व्यक्तिगत संपर्क कार्यक्रम (पीसीपी) और आईसीटी द्वारा सहायता प्रदान की जाती है। हमारी मूल्यांकन प्रणाली शिक्षार्थी अनुकूल है और शिक्षार्थियों को मूल्यांकन एवं परीक्षा प्रणाली में बहुत-सी सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। एनआईओएस की 'जब चाहो तब परीक्षा' प्रणाली (ओड्स) शिक्षार्थी के मूल्यांकन में एक नया और क्रांतिकारी नवाचार है।

एनआईओएस विभिन्न स्तरों पर बहु-माध्यम वाले अध्ययन के पैकेज तैयार करता है। इनमें मुद्रित और इलेक्ट्रॉनिक (मैसिव ओपन ऑन-लाइन कोर्सेज-मूक्स) दोनों माध्यम शामिल हैं। इसमें टेलीकॉन्फ्रेंसिंग, श्रव्य और दृश्य कार्यक्रम, मुक्त विद्या वाणी द्वारा व्यक्तिगत संपर्क कार्यक्रम, सजीव मीडिया कार्यक्रम आदि सहायक होते हैं। शैक्षिक गतिविधियों का और अधिक प्रसार क्षेत्रीय भाषाओं के पाठ्यक्रमों द्वारा किया जाता है। एनआईओएस एक नया स्ट्रीम 'भारतीय ज्ञान और परंपरा' भी प्रदान करता है जो वैदिक शिक्षा, संस्कृत भाषा, साहित्य, भारतीय साहित्य और प्राचीन भारतीय ज्ञान के अन्य बहुत से क्षेत्रों को संजीवित करने के लिए आरंभ किया गया है। इस स्ट्रीम के अंतर्गत एनआईओएस माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक स्तरों पर संस्कृत माध्यम में 05 विषय प्रदान करता है यथा - वेद अध्ययन, संस्कृत व्याकरण, भारतीय दर्शन, संस्कृत साहित्य और संस्कृत (भाषा विषय)।

The National Institute of Open Schooling (NIOS) is the largest open schooling system in the world. NIOS is an autonomous organization under the Ministry of Human Resource Development and provides a number of Vocational, Life Enrichment and community oriented courses besides General and Academic Courses at Secondary and Senior Secondary level. NIOS aims to achieve the objectives of the National Education Policy and also ensures fundamental rights to children and their education according to the Right to Education and Samagra Shiksha. It is providing education at doorsteps for learners. NIOS is doing yeomen service for reaching the unreached. It also offers Elementary level Courses through its Open Basic Education Programmes (OBE).

NIOS has been moving ahead steadily in the context of putting the ODL programme for school Education. We have an outreach in almost all the states through 6229 accredited institutions which constantly assist us in programme delivery. During 2019-20, 4,66,606 new students were enrolled in the Secondary, Senior Secondary and Vocational Education Courses. A comprehensive Learners Support Service Programme assists the learners through Print and Non print material, personal contact programme (PCP) and ICT in various ways. Our learners evaluation programme is quite friendly and there are a lot of flexibilities in the Evaluation and Examination system. The On Demand Examination System of NIOS is a new and revolutionary venture in the area of learner evaluation.

NIOS develops multi-channel learning packages at different levels. The learning packages include both print and electronic mediums (Massive Open Online Courses, MOOCs). These are further supported by teleconferencing, audio and video programmes, Personal Contact Programmes on MVV, live media programmes etc. The expansion and extension of academic activities are carried out through the courses offered in regional languages. NIOS also offered a new stream 'Indian Knowledge Tradition' which was initiated to revive Vedic Education, Sanskrit language , literature, Indian Philosophy and many other areas of ancient Indian knowledge. Under this stream, NIOS offers five subjects that are, Veda Adhyayan, Sanskrit Vyakaran, Bhartiya Darshan, Sanskrit Sahitya and Sanskrit (Language subject) at both the Secondary and the Senior Secondary levels in Sanskrit Medium.

मुक्त शिक्षा पर नवें पैन कॉमनवेल्थ फोरम, एडिनबरा में 9-12 दिसंबर, 2019 को आयोजित किया गया। एनआईओएस से एक प्रतिनिधि मंडल ने इस कार्यक्रम में सहभागिता की और आलेख प्रस्तुत किए। 'मुक्त विद्यालयी शिक्षा' पर पूर्व कार्यशाला भी आयोजित की गई। इसमें मुक्त शिक्षा प्रणालियों और संसाधनों के माध्यम से मुक्त और नवाचारी विद्यालयी शिक्षा द्वारा स्कूल न जाने वाली बड़ी जनसंख्या की चुनौतियों को संबोधित करने के लिए मुक्त विद्यालयी शिक्षा के उपयोग के तरीकों पर विमर्श किया गया। इसमें मुक्त और दूरस्थ शिक्षा के नवाचारों से संबंधित विचार-विमर्श और परियोजनाओं में कोमोसा की भूमिका पर भी प्रकाश डाला गया। इससे मुक्त विद्यालयी शिक्षा की अवधारणा और स्कूल न जाने वाले शिक्षार्थियों की शिक्षा और उनके जीवनपर्यन्त अधिगम के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए अध्ययन में प्रौद्योगिकी के उपयोग पर गहन दृष्टि प्राप्त हुई। सुश्री साक्षी कुमारी ने कठिन परिस्थितियों में दूरस्थ अथवा ऑनलाइन शिक्षा (ई-लर्निंग) में उत्कृष्टता पुरस्कार प्राप्त करके एनआईओएस और भारत को गौरवान्वित किया। सुश्री साक्षी एक बधिर शिक्षार्थी है जो एनआईओएस से उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम कर रही है और एनआईओएस द्वारा सांकेतिक भाषा में शिक्षा उपलब्ध कराने के नवाचारों से लाभान्वित हुई है।

अक्षमताओं वाले व्यक्ति एनआईओएस के प्रमुख प्राथमिकता समूहों में से एक है। एनआईओएस विशेष आवश्यतकताओं वाले शिक्षार्थियों को विभिन्न छूट और विशिष्ट प्रकार की सुविधाएं प्रदान करते हुए एक बड़ी संख्या में शिक्षार्थियों तक पहुँचने का प्रयास करता है। उनकी शिक्षा को सुविधापूर्ण बनाने की दिशा में किए गए सकारात्मक प्रयासों के परिणामस्वरूप डेजी समर्थित बोली पुस्तकें आरंभ की गई हैं। देश में 70 लाख बधिर और कठिनाई से सुन पाने वाले लोग हैं। एनआईओएस ने प्रौद्योगिकी के उपयोग द्वारा बधिर शिक्षार्थियों को सांकेतिक भाषा में अध्ययन संसाधन उपलब्ध कराने के लिए बहुत-सी रणनीतियां तैयार की हैं। माध्यमिक स्तर पर शिक्षा सामग्री की व्यापक उपलब्धता प्रदान करने के लिए भारतीय सांकेतिक भाषा में 150 से अधिक वीडियो तैयार किए गए हैं। ये वीडियो यू-ट्यूब पर एनआईओएस चैनल पर उपलब्ध कराए गए हैं और इनका प्रसारण स्वयंप्रभा डीटीएच चैनल-30 (ज्ञानामृत) द्वारा किया जाता है। एनआईओस देश में पहला राष्ट्रीय स्कूल शिक्षा बोर्ड है जो भारतीय सांस्कृतिक भाषा में शैक्षिक सामग्री प्रदान करता है।

एनआईओएस 06 प्रमुख क्षेत्रों में लगभग 100 व्यावसायिक पाठ्यक्रम प्रदान करता है। ये क्षेत्र हैं : कृषि और पशुपालन, गृह विज्ञान और आतिथ्य, कम्प्यूटर और सूचना प्रौद्योगिकी, व्यापार और वाणिज्य, इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य और परा चिकित्सा तथा योग। एनआईओएस के मुख्य उद्देश्यों में से एक उद्देश्य पूर्व स्नातक स्तर तक विशेष रूप से अक्षमों, सामाजिक और भौतिक दृष्टि से सुविधा वंचित वर्गों, कामकाजी युवाओं, ग्रामीण महिलाओं और अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के लिए विशेष रूप से शिक्षा एवं कौशल प्रदान करना है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए एनआईओएस ने अनु.ज., अनु. ज.ज. और गरीबी रेखा से नीचे के वर्ग की लड़कियों और महिलाओं को प्रशिक्षित और सशक्त करने के लिए अमेठी में एक कौशल विकास केंद्र स्थापित किया है। यह विभिन्न संगठनों के साथ भी सहयोग कर रहा है। इस परिप्रेक्ष्य में महाराष्ट्र में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (केजीबीवी), गांधीनगर, भारतीय खाद्य संरक्षा एवं

The Ninth Pan-Commonwealth Forum on Open Learning (PCF9) was hosted in Edinburgh from 9th to 12th September 2019. A delegation of NIOS participated and presented papers in the programme. A Pre-forum workshop on 'Open Schooling' was also held. It explored the ways in which open schooling could be used to address the challenges of out-of-school masses by open and innovative schooling through open educational practices and resources. It also highlighted the role of COMOSA in facilitating discussions and projects related to Open and Distance Learning initiatives. It gave an insight into the concept of Open Schooling and the use of technology in learning to increase the access to quality education as a boon for out-of-school learners and for their lifelong learning. Ms. Sakshi Kumari made NIOS and India proud as she received Award of Excellence in Distance or Online Learning Experience (e-learning) in difficult circumstances. Ms. Sakshi is a deaf learner who is pursuing the Senior Secondary Course from NIOS and is being benefitted by NIOS initiative of making education available in Sign Language.

Persons with Disabilities are one of the prioritized groups in NIOS. It strives to reach a large number of learners with certain flexibilities and provides unique set of facilities to learners with special needs. Proactive steps towards facilitating their education resulted in introducing DAISY enabled Talking Books. There are about 70 lakh Deaf and Hard of hearing people in the country. NIOS has devised numerous strategies to make the Sign Language learning resources available to deaf learners through use of technology. In order to provide wider access to educational contents at the secondary level, more than 150 Videos in Indian Sign Language were developed. These videos were uploaded on NIOS Channel on You Tube and are being telecast through Swayam Prabha DTH Channel 30 (Gyanamrit). NIOS is the first National Board of School Education in the country which has provided educational content in Indian Sign Language.

NIOS is offering around 100 Vocational Education programmes in six major areas. These are Agriculture and Animal Husbandry, Home Science and Hospitality, Computer and Information Technology, Business and Commerce, Engineering and Technology, Health and Paramedical including Yoga. One of the objectives of NIOS is to impart education and skills up to the Pre-Degree level especially for the disabled, socially and geographically disadvantaged sections, working youth, rural women, and scheduled castes and scheduled tribes. To fulfil this objective, NIOS has set up a Skill Development Centre in Amethi to train and empower SC, ST and BPL categories of girls and women. It is also collaborating with various organisations. In this context, MoUs were signed and renewed with several Central and State Government institutions like, the National Health Mission in Maharashtra Kasturba Gandhi Balika Vidyalaya

मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) भारतीय चिकित्सा संघ (आईएमए) जैसे बहुत-सी केंद्रीय और राज्य सरकारी की संस्थाओं के साथ समझौता ज्ञापन किए गए और नवीकृत किए गए।

(KGBV), Gandhinagar; Food Safety Standards Authority of India (FSSAI); Indian Medical Association (IMA) etc.

एनआईओएस शिक्षार्थियों को परीक्षा से संबंधित मामलों में बहुत-सी सुविधाएं प्रदान करता है जैसे-एक ही परीक्षा में सभी विषयों की परीक्षा देने की कोई मजबूरी नहीं है, शिक्षार्थी अपनी सुविधा के अनुसार एक अथवा अधिक विषयों की परीक्षा में बैठ सकते हैं, उत्तीर्ण विषयों का क्रेडिट संचयन, पांच वर्षों की अवधि में सार्वजनिक परीक्षाओं में बैठने के लिए 09 अवसर, चुनिंदा बोर्डों से 2 अथवा पूर्व एनआईओएस शिक्षार्थियों के मामले में अधिकतम 4 विषयों के क्रेडिट का स्थानांतरण। परीक्षा में शिक्षार्थी को संविधान की आठवीं अनुसूची की भाषाओं में से किसी भी भाषा में उत्तर लिखने की अनुमति है। शिक्षार्थी 5 वर्ष की अवधि में अर्थात् पंजीकरण की वैध अवधि के दौरान अपनी सुविधा से जितनी बार चाहें माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक स्तर पर जब चाहो तब परीक्षा (ओड्स) में बैठ सकते हैं।

NIOS provides a lot of flexibility to the learners in the context of matters related to examinations such as no compulsion of appearing in all the subjects at the same examination, appearing in one or more subjects in the examination as per the convenience of learner. Credit accumulation of the passed subjects, nine chances to appear in the Public Examinations over a period of five years, transfer of credits of two subjects passed from other Selected Boards and choosing upto four subjects in case of ex-NIOS learners. A learner is allowed to write answers in examination in any of the scheduled languages of India stated in the constitution . A learner can appear in 'On Demand Examination' at the Secondary and the Senior Secondary level, a number of times as per his/her convenience over a period of five years i.e. upto the validity term of registration.

मुक्त और दूरस्थ शिक्षा (ओडीएल) माध्यम से स्कूली स्तर की शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ एनआईओएस भारत सरकार द्वारा आरंभ की गईं बहुत-सी शैक्षिक योजनाओं का क्रियान्वयन भी कर रहा है। मा.सं.वि.मं., भारत सरकार के निर्देशानुसार और एनसीटीई द्वारा यथोचित मान्यता से एनआईओएस ने राज्यों के सहयोग से देश भर के 12.11 लाख अप्रशिक्षित सेवारत शिक्षक के प्रशिक्षण के लिए डी.एल.एड. कार्यक्रम आयोजित किया। मा.सं.वि.मं., भारत सरकार और संबंधित राज्यों के सहयोग से एनआईओएस ने डी.एल.एड. कार्यक्रम से अंतिम परीक्षा के आयोजन सहित सभी संबंधित गतिविधियां निर्दिष्ट तिथि तक अर्थात् 31 मार्च, 2019 तक पूरी कर ली गईं। एनआईओएस ने जनवरी, 2020 में देश भर में डी.एल.एड. की पूरक परीक्षा उन लोगों के लिए आयोजित की जो पहले आयोजित परीक्षा में बैठ नहीं सके अथवा उत्तीर्ण नहीं हो सकें।

Besides providing school level education through Open and Distance Learning (ODL) mode, NIOS has also been implementing several educational schemes introduced by Government of India. As per directives of the MHRD, and with due recognition from NCTE, NIOS, in collaboration with the States, conducted the D.El.Ed programme for training of about 12.11 lakh untrained in-service teachers across India. With support from MHRD, Govt of India, and the concerned States, NIOS successfully completed all the activities related to the D.El.Ed. programmes including conduct of the final examination as per schedule by 31st March 2019. NIOS conducted the supplementary D.El.Ed. examination during the month of January, 2020 across India for those who could not appear or could not clear the previously held examination.

भारत सरकार 2017 ने एनडीएलएम के प्रसार के रूप में प्रधानमंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता अभियान (पीएमजी दिशा) नामक एक नई योजना आरंभ की है। इस योजना का लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों (प्रत्येक परिवार से एक) को कम्प्यूटर अथवा डिजिटल रूप से चलने वाले उपकरणों को चलाने के लिए प्रशिक्षित करके सशक्त करना है जिससे विशेष रूप से डिजिटल भुगतानों में वे सूचना प्रौद्योगिकी और संबंधित एप्लिकेशनों का उपयोग करके जैसे राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में सक्रिय रूप से सहभागी बन सकें। यह ऑन-लाइन प्रशिक्षण सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विस इंडिया लिमिटेड द्वारा देश भर में इसके आम सेवा केंद्रों सीएससी और सहभागी संस्थाओं के माध्यम से प्रदान किया गया। एनआईओएस इसका ऑनलाइन मूल्यांकन और प्रमाणन इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा निर्धारित एक नोडल एजेंसी के रूप में करता है जो एनआईओएस मुख्यालय में उपलब्ध ऑन-लाइन दूरस्थ प्रॉक्टरिंग सुविधा द्वारा किया जाता है। एनआईओएस द्वारा पीएमजीदिशा के अंतर्गत मार्च 2020 तक 91.24 लाख शिक्षार्थियों का मूल्यांकन किया गया।

The Government of India launched a new scheme titled "Pradhan Mantri Gramin Digital Saksharta Abhiyan' (PMGDISHA) as an extension of NDLM since June 2017. The scheme is aimed at empowering the citizens in rural areas (one in every eligible household) by training them to operate computer or digital access devices and enabling them to use information technology and related applications, especially for Digital Payments and to actively participate in the process of nation building. The online training is provided by the CSC -e-Governance Services India Ltd., through its Common Service Centres (CSC) and partner institutions all over India. The online assessment and certification is done by NIOS as one of the Nodal Agencies identified by Ministry of Electronics and Information Technology (Meity) through online remote proctoring facility available at NIOS Headquarters. 91.24 lakh learners were assessed till March 2020 and certified under PMGDISHA by NIOS .

प्रौद्योगिकी का इष्टतम उपयोग ओडीएल प्रणाली के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। एनआईओएस अपने शिक्षार्थियों और स्टेक धारकों को

The optimum use of technology is paramount for the ODL system. NIOS is constantly doing innovations to provide

बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिए नित नवाचार कर रहा है। परीक्षा केंद्र आबंटन के लिए जियो टैगिंग प्रणाली की शुरूआत एनआईओएस द्वारा कार्यान्वित की जा रही एक अनोखी प्रक्रिया है। भौगोलिक जानकारी जोड़ने की प्रक्रिया में भू-स्थानिक डाटा (अक्षांश और देशांतर) दिशाकोण बीयरिंग, ऊँचाई, दूरी अथवा यहां तक कि स्थान का नाम भी शामिल है। इससे क्षेत्रीय केंद्र के लिए परीक्षा केंद्र आबंटन की प्रक्रिया अधिक पारदर्शिता के साथ आसान बनती है और शिक्षार्थियों के लिए सहायक होती है, क्योंकि उन्हें आबंटित केंद्र से 40 कि.मी. के दायरे में परीक्षा केंद्र मिलेगा।

एनआईओएस के नए अध्ययन केंद्र (एआई, एवीआई और एए) का प्रत्यायन अब 100% ऑन-लाइन होता है। इच्छुक संस्थाएं https://eaccr.nios.ac.in द्वारा अध्ययन केंद्र के रूप में कार्य करने के लिए एनआईओएस के प्रत्यायन हेतु आवेदन कर सकती हैं। साथ ही, पहले से प्रत्यायित अध्ययन केंद्रों के लिए बहुत-सी सुविधाएं अब ऑन-लाइन हैं जैसे स्तर का उन्नयन, अतिरिक्त विषय, विषयों में वृद्धि, सीटों में वृद्धि, पढ़ाई का नया माध्यम, समन्वयक के विवरण में परिवर्तन, समन्वयक की फोटो में परिवर्तन, पते में परिवर्तन आदि।

हम एनआईओएस में विविध समूहों के लोगों की सेवा करने के लिए संकल्पबद्ध हैं जिससे वे एक अच्छे, नागरिक और समाज के उपयोगी सदस्य बन सकें। वर्ष 2019-20 के दौरान एनआईओएस के कार्यक्रमों और गतिविधियों का विस्तृत विवरण अध्याय 2 से 15 तक दिया गया है। वार्षिक रिपोर्ट के आरंभ में सारांश दिया गया है। सारांश एनआईओएस के विभिन्न अंगों द्वारा किए गए कार्य के रूप में एक दृष्टि प्रदान करता है। यह सारांश प्रवेश, मूल्यांकन और प्रमाणन से संबंधित उपलब्धियों के सांख्यकीय आंकड़े भी संक्षेप में दर्शाता है। यह अध्ययन केंद्रों में वृद्धि, आधारभूत स्तर से अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक की संस्थाओं और संगठनों के साथ सहयोग और समन्वयन के बारे में एनआईओएस के प्रसार की संक्षिप्त रूपरेखा भी दी गई है।

हम एनआईओएस की यात्रा में योगदान देने वाले राज्यों और राष्ट्रीय संस्थाओं/संगठनों, एनआईओएस के प्रत्यायित संस्थान, शैक्षिक केंद्रों और अन्य संस्थाओं की आभार व्यक्त करते हैं। मैं एनआईओएस के साथ जुड़ने के लिए अंतर्राष्ट्रिय संस्थाओं की आभारी हूँ जिन्होंने मुक्त और दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रम की बेहतरी के लिए सहयोग किया। एनआईओएस की वेबसाइट इसके कार्यक्रमों और गतिविधियों की अद्यतन जानकारी देती है। हम नए विचारों और सुझावों का सदैव स्वागत करते हैं।

प्रो. सरोज शर्मा
अध्यक्ष, एनआईओएस

better services to learners and other stakeholders. The introduction of Geo-tagging system for Examination Centres allocation is an unmatched process being implemented by the Computer Unit of NIOS. The process of adding geographical information includes the Geo-spatial data (latitude and longitude), altitude, distances and place names. It eases the process for examination centres and aids learners in allocation of the Regional Centres with greater transparency. With the help of this, a learner can get the examination centre within the radius of 40kms from the allotted study centre.

Accreditation of new Study Centres (AIs, AVIs and AAs) is 100% online now. A willing institution can apply for accreditation with NIOS to function as a study centre through https://eaccr.nios.ac.in. Even for already accredited Study Centres, various services are online now like renewal, up gradation of level, addition of subjects, increase of seats , addition of new medium of instruction, change of Coordinator's details , change of Coordinator's photo , change of address, etc.

We, in NIOS, are committed to serve people from varied groups to develop them as good citizens and useful members of the society. A detailed account of the programmes and activities of NIOS during the year 2019-20 is given in chapters 2 to 15. The Executive Summary in the beginning of the Annual Report provides an overview of the work done by various constituents of NIOS. The Executive Summary also depicts precisely the statistical data about achievements related to admission, evaluation and certification. It also gives an idea of expansion to NIOS in terms of increase in study centres, cooperation and collaboration with institutions and organizations right from grass root level to international arenas.

We acknowledge with immense gratitude the contribution of state and national institutions/organisations, the accredited institutions of NIOS, the academic centres and others in the onward journey of NIOS. I am thankful to the international agencies for their association with NIOS for improvement in the cause of Open and Distance learning programme. The website of NIOS displays updated details about its programmes and activities. We are forever open to new ideas and suggestions.

(Prof. Saroj Sharma)
Chairperson, NIOS

# विषय-सूची


| क्र.सं. | विषय | पृष्ठ सं. |
|---|---|---|
| 1. | सारांश | 1-15 |
| 2. | परिचय | 16-20 |
| 3. | शैक्षिक कार्यक्रम | 21-38 |
| 4. | व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम | 39-49 |
| 5. | विद्यार्थी सहायता सेवाएँ | 50-71 |
| 6. | मूल्यांकन और अभिनिर्धारण | 72-85 |
| 7. | प्रशासन एवं वित्त | 86-99 |
| 8. | क्षेत्रीय सेवाएँ | 100-113 |
| 9. | सक्षमता निर्माण | 114-119 |
| 10. | अनुसंधान एवं विकास | 120-122 |
| 11. | मीडिया कार्यक्रम | 123-126 |
| 12. | सूचना एवं संप्रेषण प्रौद्योगिकी | 127-133 |
| 13. | पुस्तकालय, प्रलेखन और पुरालेख संबंधी सेवाएँ | 134-138 |
| 14. | सूचना का अधिकार | 139-141 |
| 15. | हिंदी का प्रसार | 142-144 |
| **परिशिष्ट एवं संलग्नक** | | 145-169 |

➥ संलग्नक I क : एनआईओएस : शुल्क से प्राप्त आय की प्रवृत्तियाँ

➥ संलग्नक I ख : एनआईओएस : अन्य आय की प्रवृत्तियाँ

➥ संलग्नक I ग : एनआईओएस : कुल आय

➥ संलग्नक II : एनआईओएस की स्व-निर्मित निधियाँ (2009-10 से)

➥ संलग्नक III : एनआईओएस के योजनागत व्यय (2009-10 से)

➥ संलग्नक IV : 2009-2010 से मा.सं.वि.मं. से प्राप्त वर्षवार बजट सहायता

➥ संलग्नक V : 2009-10 से प्राथमिकता प्राप्त समूहों को एनआईओएस द्वारा दी गई अनुवृत्तियाँ

➤ परिशिष्ट क : एनआईओएस की महासमिति

➤ परिशिष्ट ख : एनआईओएस की कार्यकारी परिषद्

➤ परिशिष्ट ग : एनआईओएस की वित्त समिति

➤ परिशिष्ट घ : एनआईओएस की शैक्षिक परिषद

➤ परिशिष्ट ड. : एनआईओएस के स्वीकृत पद

# Content


| S.No. | Topics | Page. No. |
|---|---|---|
| 1. | Executive Summary | 1-15 |
| 2. | Introduction | 16-20 |
| 3. | Academic Programme | 21-38 |
| 4. | Vocational Education Programmes | 39-49 |
| 5. | Student Support Services | 50-71 |
| 6. | Evaluation and Assessment | 72-85 |
| 7. | Administration and Finance | 86-99 |
| 8. | Regional Services | 100-113 |
| 9. | Capacity Building | 114-119 |
| 10. | Research and Development | 120-122 |
| 11. | Media Programmes | 123-126 |
| 12. | Information and Communication Technology | 127-133 |
| 13. | Library, Documentation and Archival Services | 134-138 |
| 14. | Right to Information | 139-141 |
| 15. | Promotion of Hindi | 142-144 |
| **Annexure and Appendices** | | **145-169** |
| ➠ | Annexure IA : NIOS : Trends of Fee Income | |
| ➠ | Annexure I B : Trends of other Income | |
| ➠ | Annexure IC : Total Income | |
| ➠ | Annexure II : NIOS Expenditure from Self Generated Funds (2009-10 onwards) | |
| ➠ | Annexure III : NIOS Plan Expenditure (2009-2010 onwards) | |
| ➠ | Annexure IV : Year wise Budgetary Support to NIOS from the MHRD since 2009-10 | |
| ➠ | Annexure V : Subsidies given by NIOS to prioritised Groups since 2009-10. | |
| ➠ | Appendix A : General Body of NIOS | |
| ➠ | Appendix B : Academic Council of NIOS | |
| ➠ | Appendix C : Executive Board of NIOS | |
| ➠ | Appendix D : Finance Committee of NIOS | |
| ➠ | Appendix E : Sanctioned Posts in NIOS | |

1

# सारांश
# Executive Summary

## 1. परिचय

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) विश्व का सबसे बड़ा मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान है जो सुदूर स्थानों तक शिक्षा वंचितों तक शिक्षा पहुंचाने में विश्वास रखता है।

मुक्त विद्यालयी शिक्षा के लिए एक राष्ट्रीय संसाधन संगठन होने के नाते एनआईओएस पूर्व स्नातक स्तर तक अध्ययन पाठ्यक्रमों की स्व-अध्ययन सामग्री (एसएलएम) स्वयं बनाता है। अधिगम को सुविधाजनक बनाने के लिए यह सहायक श्रव्य/दृश्य सामग्री तैयार करता है। इसकी अध्ययन सामग्री इस ढंग से लिखी गई है कि ये शिक्षार्थियों को विषय की गहरी समझ के साथ-साथ उनके समीक्षात्मक चिंतन तथा सृजनात्मक कल्पना को भी बढ़ाती है। एनआईओएस विभिन्न विषयों तथा अधिगम के उपागम और सीखने के नए तरीके प्रदान करता है। यह आधुनिक युग के शिक्षार्थियों की आवश्यकताओं को पूरा करता है और प्रतिवर्ष दो सार्वजनिक परीक्षाओं का आयोजन करता है। यह वर्ष भर जब चाहो तब परीक्षा की सुविधा भी प्रदान करता है। एनआईओएस विभिन्न शिक्षार्थियों को अपने शैक्षिक कार्यक्रमों में सहायता प्रदान करने हेतु औपचारिक स्कूलों तथा संगठनों/संस्थाओं को प्रत्यायित करता है। यह संस्थान मुक्त विद्यालयी शिक्षा को और अधिक सशक्त बनाने के लिए नियमित रूप से शोध करता है। यह अपने अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए अनेक सक्षमता निर्माण कार्यक्रमों का आयोजन करता है। यह एक बड़ी प्रकाशन संस्था के रूप में भी कार्य करता है जो समय-समय पर बहुत सी पुस्तकें प्रकाशित करता है।

वर्ष 2019-20 के दौरान एनआईओएस की 4205 प्रत्यायित संस्थाएँ (एआई), 84 सुविधा वंचितों की शिक्षा के लिए विशेष प्रत्यायित संस्थाएँ (एसएआईईडी), 1820 प्रत्यायित व्यावसायिक संस्थाएँ (एवीआई), 1300 प्रत्यायित संस्थाएँ थीं जिनमें बहुत सी मुस्लिम अल्पसंख्यक संस्था एवं मदरसे शामिल थे।

एनआईओएस का मुख्यालय नोएडा, उत्तर प्रदेश में स्थित है। एनआईओएस के कार्यों के लिए एक महासमिति, एक कार्यकारी बोर्ड और एक वित्त समिति है। अध्यक्ष, एनआईओएस संस्था के सर्वोच्च कार्यकारी अधिकारी के रूप में कार्य करते हैं जो शैक्षिक, व्यावसायिक शिक्षा, विद्यार्थी सहायता सेवाएँ, मूल्यांकन और प्रशासन जैसे पांच विभागों के माध्यम से संचालन करते हैं। एनआईओएस ऐसे 23 क्षेत्रीय केन्द्रों, दो उप-क्षेत्रीय केन्द्रों, दो क्षेत्रीय प्रकोष्ठों के माध्यम से कार्य करता है।

## 1. Introduction

The National Institute of Open Schooling (NIOS) is the largest open schooling institution of the world that believes in extending education to unreached people and places.

Being a National Resource Organization for Open Schooling, NIOS develops its own Self-Learning Materials (SLMs) with reference to the courses of study it offers upto pre-degree level. It also prepares supportive audio/video materials to facilitate learning. Its study materials stimulate individual's critical thinking and creative imagination with understanding of the subject matter. NIOS offers diverse topics and approaches to learning and some unique ways to learn. It caters to the needs of the modern age learners and conducts two public examinations every year.It also provides facility of On Demand Examination throughout the year. NIOS gives accreditation to formal schools and organizations to provide academic support to its programmes for varied clientele. The Institute carries out regular research for further strengthening of its Open Schooling programme. It organizes numerous capacity building programmes for its functionaries. It also acts as a large publishing house that brings out study material and several other publications periodically.

During the year 2019-20, there were 4205 Accredited Institutions (AIs), 84 Specially Accredited Institutions for the Education of Disadvantaged (SAIEDs), 1820 Accredited Vocational Institutions (AVIs) and over 1300 Accredited Agencies (AAs) including several Muslim Minority Institutions and Madrasas.

NIOS Headquarter is located in NOIDA, Uttar Pradesh. NIOS is administered by a General Body, an Executive Board and a Finance Committee. The Chairman NIOS acts as the Chief Executive Officer of the institute and operates through five Departments which are: Academic, Vocational Education, Student Support Services, Evaluation and Administration. NIOS operates through 23 Regional Centres, two Sub-Regional Centres and two Regional Cells.

## 1.1 शैक्षिक कार्यक्रम

- वर्ष 2019-20 के दौरान, एनआईओएस के शैक्षिक पाठ्यक्रमों में 4,66,170 शिक्षार्थियों को नामांकित किया गया। माध्यमिक पाठ्यक्रमों के लिए 44% और उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रमों के लिए 56% शिक्षार्थियों ने नामांकन कराया।
- माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक स्तरों पर शैक्षिक पाठ्यक्रमों के लिए क्षेत्रवार प्रवेश आंकड़ों का एक विश्लेषण दर्शाता है कि शिक्षार्थियों का सबसे अधिक नामांकन दिल्ली क्षेत्र (1,27,233) में हुआ, उसके बाद चंडीगढ़ क्षेत्र (45,707) और देहरादून क्षेत्र (35,790) में हुआ। जैसा कि वर्गवार प्रवेश के संबंध में, यह सामान्य वर्ग (77.1%) का सबसे अधिक रहा। वर्ष 2019-20 के दौरान नामांकन का लिंगवार विश्लेषण दर्शाता है कि 66.7% पुरुष और 33.1% महिलाएँ थीं। शैक्षिक पाठ्यक्रमों में नामांकन कराने वाले 64% शिक्षार्थी 14-20 वर्ष के आयु समूह के थे, 16% शिक्षार्थी 21-25 वर्ष के आयु समूह के थे।
- मुक्त बेसिक शिक्षा कार्यक्रम (ओबीई) के अंतर्गत 6-14 वर्ष के आयु-वर्ग तथा 14 वर्ष और उससे अधिक आयु वर्ग के प्रौढ़ों के लिए हिंदी माध्यम में सभी तीन स्तरों पर उत्कृष्ट स्व-अध्ययन सामग्री तैयार की गई। अध्ययन सामग्री स्कूली शिक्षा के तीनों स्तरों यथा-स्तर 'क' (कक्षा-III), स्तर 'ख' (कक्षा V) तथा स्तर 'ग' (कक्षा VIII) के लिए तैयार की गई। स्व-अध्ययन सामग्री के अंग्रेजी माध्यम में अनुवाद के लिए कदम उठाए गए। पर्यावरण अध्ययन, गणित, बेसिक कम्प्यूटर कौशल, विज्ञान तथा सामाजिक विज्ञान की स्व-अध्ययन सामग्री का तीनों स्तरों पर अनुवाद किया गया तथा इसे एनआईओएस की वेबसाइट पर उपलब्ध कराया गया।
- वर्ष 2019-20 के दौरान, माध्यमिक तथा उच्चतर माध्यमिक स्तर पर विभिन्न विषयों में स्वयं मंच पर मूक्स के लिए ई-सामग्री तैयार करने के साथ-साथ अद्यतन की गई। शैक्षिक विषयों में जब चाहो तब परीक्षा के लिए प्रश्न बैंक का नियमित रूप से रखरखाव किया गया। श्रवण बाधितों के लिए सात विषयों में सांकेतिक भाषा में 80 वीडियो तैयार किए गए।
- नए विषयों के लिए स्व-अध्ययन सामग्री तैयार की गई जिसमें माध्यमिक स्तर पर सिंधी (भाषा), हिंदुस्तान संगीत और कर्नाटक संगीत और उच्चतर माध्यमिक स्तर पर प्रारंभिक शिशु देखभाल एवं शिक्षा (ईसीसीई) जैसे विषय शामिल थे।
- वर्ष 2019-20 के दौरान, भारतीय ज्ञान तथा भारतीय ज्ञान और परंपरा स्ट्रीम के अंतर्गत दो विषयों - भारतीय दर्शन तथा संस्कृत साहित्य में ओड्स के लिए प्रश्न बैंक तैयार किया गया है।
- माध्यमिक स्तर पर असमिया और कन्नड़ माध्यमों में पांच विषयों की स्व-अध्ययन सामग्रीं का अनुवाद आरंभ किया गया। पंजाबी माध्यमों में पांच विषय आरंभ किए गए। उच्चतर माध्यमिक के सात विषयों की स्व-अध्ययन सामग्री का अनुवाद बांग्ला माध्यम में किया जा रहा है।

## 1.1 Academic Programmes

- During the year 2019-20, 4,66,170 learners were enrolled in Academic Courses of NIOS. 44% of the students were enrolled for the Secondary Courses and 56% for the Senior Secondary Courses.
- An analysis of the region-wise admission data for the Academic Courses at the Secondary and the Senior Secondary levels shows that maximum number of students were enrolled in the Delhi region (1,27,233) followed by Chandigarh region (45,707) and Dehradun region (35,790). As regards to Category wise admission, it was highest in the general category (77.1%). Gender-wise analysis of enrolment during 2019-20 shows that 66.7% candidates were male and 33.1% candidates were female. 64% learners enrolled in the academic courses were in the age group of 14-20 years and 16% learners were in the age group of 21-25 years.
- Under the Open Basic Education (OBE) programme, exemplary Self Learning Materials (SLM) were developed at all three levels in Hindi medium for children in the age group of 6-14 years and also for 14+ adults. The study materials were developed for the three levels of school education that are Level A (class III), Level B (Class V), and level C (Class VIII). Steps were taken to translate the SLMs in English medium. The Self Learning Material of Environmental Studies, Mathematics, Basic Computer Skills, Science and Social Science were translated at all three levels and were made available at the NIOS website.
- During 2019-20, e-content for MOOCs at SWAYAM Platform was developed and updated in different subjects at the Secondary and the Senior Secondary levels. Regular maintenance of Question Banks for On- Demand Examination in academic subjects was carried out. Eighty (80) Videos in Sign Language for Persons with Hearing Impairment were developed in seven subjects.
- The Self Learning Material was developed for new subjects introduced viz. Sindhi (Language), Hindustan Music and Carnatic Music at the Secondary level and Early Childhood Care and Education (ECCE) at the Sr. Secondary level.
- During 2019-20, a Question Bank was developed for ODES in two subjects - Bhartiya Darshan and Sanskrit Sahitya under the Indian Knowledge and Tradition stream.
- Translation of self-learning materials of five subjects at the Secondary level into Assamese and Kannada mediums was initiated. Five subjects were introduced in the Punjabi mediums. Translation of Self-Learning Materials (SLMs) of seven Senior Secondary subjects in Bengali medium is in progress.

- वर्ष के दौरान शिक्षार्थियों के लिए माध्यमिक तथा उच्चतर माध्यमिक स्तर पर विभिन्न विषयों में मूल्यांकन कार्य (एसाइन्मेंट) तैयार किए गए तथा अंग्रेजी, हिंदी और उर्दू माध्यमों में लिखे गए। अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में भी दोनों स्तरों पर मूल्यांकन कार्य उपलब्ध कराए गए।

- मुक्त विद्या वाणी के माध्यम से माध्यमिक तथा उच्चतर माध्यमिक स्तर के सभी विषयों में एक घंटे के 374 सजीव व्यक्तिगत कार्यक्रमों का प्रसारण किया गया। एनआईओएस ने शिक्षार्थियों के लिए अपने सामुदायिक रेडियो को अपनी मुक्त विद्या वाणी वेब आधारित स्ट्रीमिंग से जोड़ा है।

- वर्ष के दौरान शैक्षिक विभाग ने मा.सं.वि.मं. द्वारा सौंपी गई 100 दिवसीय कार्य योजना को पूरा किया। पूर्ण किए गए प्रमुख कार्य निम्नानुसार थे :

  i. भारतीय ज्ञान परंपरा स्ट्रीम के अंतर्गत माध्यमिक स्तर पर भारतीय दर्शन (247) और संस्कृत साहित्य (248) में जब चाहो तब परीक्षा प्रणाली (ओड्स) का आरंभ।

  ii. भारतीय सांकेतिक भाषा में वीडियो कार्यक्रमों का निर्माण।

  iii. प्राथमिक स्तर पर कटाई, सिलाई एवं पोशाक निर्माण तथा वर्मी कम्पोस्टिंग में 02 पूर्व व्यावसायिक विषयों का आरंभ।

  iv. क्षेत्रीय भाषा कन्नड़, पंजाबी, असमिया में माध्यमिक स्तर पर पांच नए विषयों का आरंभ।

  v. भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत क/ख/ग स्तरों पर पांच विषयों का आरंभ।

- एनआईओएस ने उच्चतर माध्यमिक स्तर पर स्व-अध्ययन सामग्री के क्यूआर (क्विक रिस्पौन्स) कोड तथा डिजिटलीकरण का आरंभ किया।

- एनआईओएस ने अपने क्षेत्रीय कार्यालयों में बधिर तथा सुनने में अक्षम शिक्षार्थियों को लाभ पहुंचाने हेतु एक अनूठे 'आरोहण'' कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम क्षेत्रीय केंद्र, रांची के सहयोग से 1 से 3 अप्रैल, 2019 तक जमशेदपुर में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बधिर तथा सुनने में अक्षम शिक्षार्थियों को एनआईओएस द्वारा तैयार की गई सांकेतिक भाषा सामग्री से परिचित कराना था।

- एनआईओएस ने अपने शैक्षिक संकाय के लिए नवोदय लीडरशिप इंस्टीट्यूट, पुरी, ओडिशा में 31 मई 2019 से 02 जून, 2019 तक 'पाठ्यचर्या तथा स्व-अध्ययन सामग्री का निर्माण' विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया।

- संकाय के सक्षमता निर्माण के लिए कई अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किए गए जैसे –

  (i) एनआईओएस में भारत और विदेशों में सम्मेलनों/कार्यशालाओं में आलेख प्रस्तुति के कौशल में वृद्धि।

  (ii) महाराजा सयाजी राव विश्वविद्यालय, वडोदरा में प्रशिक्षण कार्यक्रम।

- During 2019-20, Assignments for learners were developed in various subjects, and were written in English, Hindi and Urdu mediums at both the Secondary and the Senior Secondary levels. Assignments were also made available in other regional mediums at both levels.

- 374, one hour live Personal Contact Programmes in all the Secondary and the Senior Secondary subjects were broadcasted through the Mukta Vidya Vani. NIOS has linked its Community Radio with its Mukta Vidya Vani Web Based Audio Streaming for learners.

- During the year, the Academic Department completed the 100 days Action Plan assigned by MHRD. The major tasks completed were as under :-

  i. Introduction of On Demand Examination System (ODES) in Bharatiya Darshan (247) and Sanskrit Sahitya (248) at the secondary level under the Bharatiya Jnana Parampara stream.

  ii. Development of Videos in Indian Sign Language.

  iii. Introduction of two pre-vocational subjects at Primary level-Cutting, Tailoring & Dress Making, and Vermi Composting

  iv. Introduction of five new subjects at secondary level in regional languages-Kannada, Punjabi, Assamese.

  v. Introduction to five New subjects at A/B/C levels under Bharatiya Jnana Parampara.

- NIOS has introduced QR (Quick Response) code and digitalisation of SLMs at the Senior Secondary level.

- NIOS has organized a unique programme titled 'Arohan' to leverage potential of deaf and hard-of-hearing (DHH) learners at the Regional Centers of NIOS. A programme was successfully organised between 1st to 3rd April 2019 at Jamshedpur with co-operation of the Regional Centre of Ranchi. The programme was aimed at acquainting the deaf and hard-of-hearing learners with Sign Language content developed by NIOS.

- NIOSorganized a three day training workshop from 31st May 2019 to 2nd June 2019 for its Academic Facultyon 'Development of Curriculum and Self Learning Material' at The Navodaya Leadership Institute, Puri, Odisha,

- Several orientation programmes were organized for capacity building of the faculty such as

  (i) Enhancing Paper Presentation Skills in Conferences/ Workshops in India and abroad at NIOS.

  (ii) Training programme at the Maharaja Sayaji Rao University, Vadodara.

(iii) फैकल्टी डेवलपमेंट केंद्र, मिजोरम में प्रशिक्षण कार्यक्रम।

(iv) महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा द्वारा आयोजित शिक्षक अनुप्रेरण कार्यक्रम

➤ एनआईओएस झारखंड सरकार के सहयोग से झारखंड में किशोरियों तथा युवतियों के सामाजिक आर्थिक सशक्तिकरण हेतु 'तेजस्विनी' परियोजना पर काम कर रहा है, जिसका उद्देश्य 14-24 वर्ष की आयु वर्ग की स्कूल छोड़ देने वाली 50,000 किशोरियों तथा युवतियों की माध्यमिक शिक्षा को पूरा कराना है।

➤ कोल की जेंडर ग्रीन टीचर परियोजना आरंभ की गई, जिसमें पर्यावरण तथा जेंडर के क्षेत्रों में माध्यमिक स्तर के शिक्षकों के लिए सेवारत व्यावसायिक विकास आईसीटी शामिल है।

➤ एनआईओएस ने 19 से 20 अगस्त, 2019 तक पाठ्यक्रम सह समन्वयकों के लिए मुक्त विद्यालयी शिक्षा कार्यक्रम - डिप्लोमा अभिविन्यास का आयोजन किया। इस डिप्लोमा कार्यक्रम का उद्देश्य विभिन्न प्रकार की कार्यक्रमों प्रसार तकनीकों तथा शैक्षिक तरीकों का उपयोग कर मुक्त विद्यालय के दिन-प्रतिदिन के कार्यों की प्रभावी ढंग से योजना बनाने और प्रबंध करने के लिए प्रशासकों, सहायक कर्मचारियों और संकाय को तैयार करना था।

➤ एनआईई ने कॉमनवेल्थ ऑफ लर्निंग (कोल) के सहयोग से 26 से 28 नवंबर 2019 तक एनआईई, श्रीलंका के लिए जेंडर मेनस्ट्रीमिंग एंड डेवलपमेंट ऑफ जेंडर पॉलिसी पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया।

➤ एनआईओएस ने 9 से 12 सितंबर 2019 तक एडिनबरा में आयोजित कॉमनवेल्थ ऑफ लर्निंग (कोल) और मुक्त विश्वविद्यालय (ओयू) द्वारा सह-आयोजित नवें पैन-कॉमनवेल्थ फोरम ऑन ओपन लर्निंग (पीसीएफ 9) में हिस्सा लिया। सम्मेलन में एनआईओएस के प्रतिनिधिमंडल ने चार आलेख प्रस्तुत किए।

## 1.2 व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम

➤ वर्ष 2019-20 के दौरान, विभिन्न व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रमों में 20,436 शिक्षार्थियों का नामांकन हुआ। नामांकन आंकड़े दर्शाते हैं कि व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रमों में पुरुषों की तुलना में अधिक महिलाओं ने प्रवेश लिया। व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रमों में 60% महिलाओं केवल 40% पुरुष शिक्षार्थियों की तुलना में प्रवेश लिया।

➤ वर्ष 2019-20 के दौरान, निम्नलिखित पाठ्यक्रम तैयार/अद्यतन किए गए: भारतीय कढ़ाई; बांस की खेती; प्राकृतिक चिकित्सा और योग विज्ञान में डिप्लोमा; मशरूम उत्पादन; शारीरिक शिक्षा और योग; सीआरएम डोमेस्टिक वॉयस; वेब डेवलपमेंट; पुस्तकालय विज्ञान में प्रमाण पत्र।

(iii) Training programme at the Faculty Development Centre, Mizoram.

(iv) महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा द्वारा आयोजित शिक्षक अनुप्रेरण कार्यक्रम।

➤ NIOS in collaboration with Government of Jharkhand is working on the Project 'Tejaswini for Socio-economic Empowerment of Adolescent Girls and Young Women in Jharkhand. Its objective is to boost completion of the Secondary level education for 50,000 dropouts of school adolescent girls and young women in the age group of 14-24.

➤ The Gender Green Teacher project of COL related to ICT enabled in-service professional development for the Secondary level teachers in the areas of Environment and Gender.

➤ From 19th to 20th August, 2019, NIOS organized Diploma in Open Schooling Programme-Orientation for Course Co-coordinators.This Diploma programme was aimed at preparing administrators, support staff and faculty to effectively plan and manage the day to day operations in an Open School using a variety of delivery technologies and pedagogical methods.

➤ NIE with the support of Commonwealth of Learning (COL) organized a three day workshop on Gender Mainstreaming and Development of Gender Policy for NIE in Sri Lanka from 26to28 November 2019.

➤ NIOS participated in the Ninth Pan-Commonwealth Forum on Open Learning (PCF9), co-organised by the Commonwealth of Learning (COL) and the Open University (OU), hosted in Edinburgh from 9thto12th September 2019. An NIOS delegation presented four papers in the conference.

## 1.2 Vocational Education Programmes

➤ During the year 2019-20, the enrolment of students in various Vocational Education programmes was 20436. The enrolment data reveals that more female learners took admission in vocational education courses as compared to male learners. Only 40% male learners took admission in Vocational Education Courses in comparison with 60% female learners.

➤ During 2019-20, the following courses were developed/ updated:. Indian Embroidery; Bamboo Cultivation; Diploma in Naturopathy and Yogic Science ;Mushroom Production ;Physical Education and Yoga; CRM Domestic Voice; Web Development; Certificate in Library Science.

- एनएसक्यूएफ दिशानिर्देशों के अनुसार निम्नलिखित पाठ्यक्रम तैयार किए गए : मेडिकल लेबोरेट्री टैक्नोलॉजी में डिप्लोमा; कंप्यूटर एप्लिकेशन्स में प्रमाणपत्र; बेसिक कंप्यूटिंग में प्रमाणपत्र; योग शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रमाणपत्र; डेयरी ऑपरेटर में प्रमाणपत्र; वेब डेवलपमेंट में प्रमाणपत्र।
- एनआईओएस ने अनु.जा. अनु.ज.जा. और गरीबी रेखा से नीचे की श्रेणियों की बालिकाओं/महिलाओं को सशक्त बनाने तथा निःशुल्क प्रशिक्षित करने के लिए अमेठी में एक कौशल विकास केंद्र की स्थापना की। श्रीमती स्मृति ईरानी, वस्त्र और महिला एवं बाल विकास मंत्री ने एनआईओएस क्षेत्रीय केंद्र, अमेठी में कौशल विकास प्रयोगशाला का उद्घाटन किया।
- वाराणसी, उत्तर प्रदेश में भारतीय कढ़ाई के क्षेत्र में 100 हस्तशिल्प कारीगरों का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा हुआ तथा वस्त्र मंत्रालय के साथ सहयोगी परियोजना के अंतर्गत परीक्षा आयोजित की गई थी।
- वर्ष 2019 के दौरान व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रमों की प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण रूप से ऑनलाइन की गई।
- शिक्षार्थियों तथा स्टेक धारकों के साथ संपर्क के लिए, स्वयंप्रभा डीटीएच चैनलों पर व्यावसायिक संकाय द्वारा प्रत्येक बुधवार को दोपहर 3.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक सजीव चर्चा का आयोजन किया गया। संकाय ने मुक्त विद्या वाणी, जो एक रेडियो वेब स्ट्रीमिंग प्रक्रिया है, उस पर कार्य दिवसों पर 45 मिनट की अवधि के दौरान नियमित रूप से शिक्षार्थियों के साथ चर्चा की गई।
- व्यावासायिक स्व-अध्ययन सामग्री शिक्षार्थियों तक पहुंचाने के लिए एनआईओएस ने संपूर्ण स्व-अध्ययन सामग्री को स्कैन किया और उसे ऑनलाइन पाठ्यक्रम सामग्री लिंक के अंतर्गत एनआईओएस पोर्टल पर अपलोड किया।
- जागरूकता लाने तथा व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रमों के प्रसार के उद्देश्य से व्यावसायिक शिक्षा विभाग के संकाय द्वारा 3-4 मिनट का परिचयात्मक वीडियो संस्था में ही तैयार किया गया।
- प्रत्येक व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रम के लिए इसके प्रायोगिक घटकों को कारगर बनाने के लिए राष्ट्रीय व्यावसायिक मानकों पर आधारित समान अधिगम के प्रतिफल उन्मुख दैनिक प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार किए गए।
- राज्य सरकारों के साथ निम्नलिखित समझौता ज्ञापन किए गए/उनका नवीकरण किया गया:
  - राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, महाराष्ट्र के सहयोग से बहुउद्देश्यीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता।
  - कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (केजीबीवी), गांधीनगर।
  - भारतीय खाद्य सुरक्षा मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई)।
  - भारतीय चिकित्सा संघ (आईएमए)।

- The following courses were aligned as per NSQF Guidelines:Diploma in Medical Laboratory Technology; Certificate in Computer Applications; Certificate in Basic Computing; Certificate in Yoga Teachers Training Programme; Certificate in Dairy Operator; Certificate in Web Development.
- NIOS has set up a Skill Development Centre in Amethi to train and empower SC, ST, and BPL categories of girls / women free of cost. Minister of Textiles and Women and Child Development, Smt. Smriti Irani, inaugurated the Skill Development Lab at the NIOS Regional Center, Amethi.
- Successful completion of training of 100 Handicraft Artisans in the area of Indian Embroidery in Varanasi, Uttar Pradesh and examination was conducted under the collaborative project with the Ministry of Textiles.
- During 2019 the admission process of Vocational Education Courses was made completely on-line.
- For interaction with learners and the stakeholders, live interactions by the vocational faculty on SWAYAM Prabha DTH channels were conducted every Wednesday, from 3.00 pm to 5.00 pm,. The faculty also interacted with the learners regularly during the 45 minutes Mukta Vidya Vani, which is a Radio Web Streaming process.
- In order to enable access of vocational SLM to learners, NIOS scanned all the SLMs and uploaded them on the NIOS Portal under the link – online course materials.
- With a view to create awareness and promote Vocational Education programmes, 3-4 minutes of Introductory Videos were developed inhouse by the faculty of the Department of Vocational Education.
- In order to streamline the practical component of the Vocational Education courses, uniform learning outcome oriented Daily Training Schedules based on the National Occupation Standards for each Vocational Education course were designed.
- The following MoUs were signed/renewed with the State Governments:
  - Multi Purpose Health Workers in collaboration with the National Health Mission, Maharashtra
  - Kasturba Gandhi Balika Vidyalaya (KGBV), Gandhinagar
  - Food Safety Standards Authority of India (FSSAI)
  - Indian Medical Association of India (IMA)

- सुश्री सीमा पाठक एनआईओएस के योग शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम की शिक्षार्थी योग की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रहीं।
- पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति मंच द्वारा मुक्त विद्यालयी स्कूलों के शिक्षार्थियों की शिक्षा तथा कौशल के उत्कृष्ट प्रसार के लिए एनआईओएस को 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय उत्कृष्टता पुरस्कार 2019' दिया गया।
- एआईसीटीई मुख्यालय, दिल्ली में 12 से 14 नवंबर 2019 तक दिल्ली में सीआईआई द्वारा आयोजित शिक्षा शिखर सम्मेलन में एनआईओएस शैक्षिक भागीदार रहा।
- योग और प्राकृतिक चिकित्सा के क्षेत्र में प्राकृतिक चिकित्सा और योग विज्ञान (डीएनवाईएस) में दो वर्षीय डिप्लोमा कार्यक्रम शुरू किया गया।
- एनआईओएस मुख्यालय, नोएडा में 21 जून 2019 को सभी कार्मिकों के साथ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया।
- महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में 'शांति और अहिंसा' विषय के अंतर्गत योग से संबंधित तीन कार्यक्रम आयोजित किए गए।
- व्यावसायिक शिक्षा विभाग के संकाय ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न शैक्षिक कार्यक्रमों में हिस्सा लिया।

## 1.3 विद्यार्थी सहायता सेवाएँ

- एनआईओएस का लक्ष्य शिक्षार्थियों को उनके द्वार शिक्षा प्रदान करना है जिससे वे अपने सुविधाजनक स्थान पर पढ़ाई कर सकें। इस परिप्रेक्ष्य में, एनआईओएस द्वारा ओबीई कार्यक्रम के अंतर्गत अध्ययन केंद्रों के रूप में 381 नई संस्थाओं को प्रत्यायित किया गया। जिनमें 228 शैक्षिक प्रत्यायित संस्थाएँ (एआई), 62 प्रत्यायित व्यावसायिक संस्थाएँ (एवीआई) और 91 प्रत्यायित एजेंसियाँ (एए) अध्ययन केंद्रों के रूप में शामिल थीं।
- मानित स्कूलों के अतिरिक्त एनआईओएस ने देश के विभिन्न भागों में कारागारों में अपने अध्ययन केन्द्र स्थापित किए हैं।
- एनआईओएस ने अपने विभिन्न अध्ययन पाठ्यक्रमों में अल्पसंख्यक समुदायों के शैक्षिक रूप से पिछड़े बच्चों, किशोरों और प्रौढ़ों को नामांकित कर शिक्षित करने हेतु विशेष प्रयास किए हैं। अल्पसंख्यकों की शिक्षा के लिए भी कुछ सुविधापूर्ण प्रावधान किए गए हैं।
- ''एनआईओएस कार्यक्रमों के प्रचार के लिए रणनीतियों'' की एक प्रसार नीति तैयार की गई। एनआईओएस योजनाओं और कार्यक्रमों के प्रचार के लिए एक सक्रिय प्रचार अभियान आरंभ किया गया।
- वर्ष 2019-20 के दौरान अल्पसंख्यक संस्थाओं के प्रत्यायन की वृद्धि दर 10% थी।

- Ms. Seema Pathak, a learner of Yoga Teachers Training Programme from NIOS, got Gold Medal and stood first in the State Level Yoga Competition.
- The Pandit DeenDayal Upadhyay Excellence Award 2019 for 'Excellence in Promoting Education and Skills for the students of Open Learning Schools was given to NIOS by Pandit DeenDayal Upadhyay Smriti Manch.
- NIOS was the education partner in the Education Summit organised by CII from 12th to 14 th November 2019 at AICTE Headquarters, Delhi.
- A two-year Diploma Programme in Naturopathy and Yogic Science (DNYS) was introduced in the area of Yoga and Naturopathy.
- The International Yoga Day was celebrated on 21st June 2019 at NIOS Headquarters, Noida for all the staff members.
- एनआईओएस ने माध्यमिक पाठ्यक्रम, उच्चतर माध्यमिक पाठयक्रम एवं व्यावसायिक शिक्षा के लिए विभिन्न विषयों एवं माध्यमों की स्व: अध्ययन सामग्री (एसआईएम) प्रेषण की।
- विभिन्न विभागों (शैक्षिक, प्रशासन, मूल्यांकन, विद्यार्थी सहायता सेवाएँ तथा व्यावसायिक शिक्षा) तथा क्षेत्रीय केन्द्र दिल्ली सहित एनआईओएस के अन्य विभागों के लिए विभिन्न सामग्री मुद्रित करके उपलब्ध करायी गयीं।

**परीक्षा संबंधी स्टेशनरी**

एनआईओएस वर्ष में दो बार अर्थात मार्च-मई और सितंबर-नवंबर में परीक्षाओं का आयोजन करता है। अत: प्रशासन विभाग के अंतर्गत मुद्रण इकाई मुद्रण की मानक श्रेणी तथा गोपनीयता बनाए रखकर एक निश्चित समय पर सभी प्रकार की परीक्षा से संबंधित सामग्री उपलब्ध कराती है।

वर्ष के दौरान एनआईओएस की माध्यमिक, उच्चतर माध्यमिक और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की अक्तूबर/नवंबर 2019 और अप्रैल/मई 2020 सार्वजनिक परीक्षाओं के लिए निम्नलिखित स्टेशनरी मदों का मुद्रण कराया गया :

- व्यावसायिक शिक्षा परीक्षाओं की मुख्य उत्तर पुस्तिकाएँ एवं प्रायोगिक उत्तर पुस्तिकाएँ
- परीक्षा तिथि सूचियाँ
- शैक्षिक तथा व्यावसायिक परीक्षाओं के लिए केन्द्र अधीक्षकों के लिए प्रायोगिक तथा सिद्धांत दिशा-निर्देश
- परीक्षाओं के आयोजन के लिए मूल्यांकन विभाग द्वारा अपेक्षित विविध मदें/एसओपी
- अवार्ड सूचियां (सिद्धांत एवं प्रायोगिक)
- अन्य दिशा-निर्देश

**प्रवेश संबंधी सामग्री**

वर्ष 2019-20 दौरान, शैक्षिक पाठ्यक्रमों और व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रमों के लिए विवरणिकाओं का मुद्रण किया गया।

### 7.4.4 डीटीपी इकाई

एनआईओएस मुख्यालय में एक डीटीपी इकाई है। इसमें संस्थान के सभी प्रकार के महत्त्वपूर्ण प्रकाशन जैसे - विवरणिका, वार्षिक रिपोर्ट, प्रमाणपत्र,

make them withstand rough handling during transportation. NIOS books, being bulky, are perfect bound so that students could open and read them with ease and comfort without feeling strain while reading. By perfect binding, a large number of pages of study material can be put together.

- NIOS gets more than one volume of a subject text packed in polythene/plastic strap, so that its all parts could be given to learners together.

### 7.4.3 NIOS Publications during 2019-20

- NIOS printed and delivered Self Instructional Materials (SIMs) – Study Materials of different subjects, mediums for the Secondary, the Senior Secondary and Vocational Education Courses.
- Miscellaneous items were also printed and delivered for different Departments (Academic, Administration, Evaluation, Student Support Services, and the Vocational Education) and items of other constituents of NIOS, including the Regional Centre, Delhi.

**Examinations related Stationery**

NIOS conducts two full fledged examinations in a year (March-May and September-November). The Printing Unit makes available all kinds of examination related Stationery within stipulated time, with high class professionalism and ensuring all required printing standards.

During the year, the following stationery items were printed for October/November, 2019 and April/May, 2020 for the Secondary, the Senior Secondary and the Vocational Education Public Examinations of NIOS :

- Main Answer Books for Vocational Education Examinations and Practical Answer Books
- Date Sheets
- Practical and Theory Guidelines for Centre Superintendents for Academic Examinations and Vocational Education Examinations
- Miscellaneous items/SOPs required by the Evaluation Department for conduct of Examinations
- Award Lists (Theory and Practical)
- Other Guidelines

**Admission related Materials**

During 2019-20, Prospectuses for Academic Courses and Vocational Education Courses were printed.

### 7.4.4 DTP Unit

NIOS has an in-house DTP Unit. All important publications of the institution like Prospectus, Annual Report, Certificates,

अंक तालिका, वार्षिक लेखा, उत्तर पुस्तिकाएँ, मुक्त शिक्षा पत्रिका, समाचार बुलेटिन, एल्मेनेक, दीवार एवं टेबल कलेंडर, परीक्षा संबंधी सामग्री और संगोष्ठियों तथा सम्मेलनों की विभिन्न रिपोर्टों की टाईपसेटिंग और डिजाइनिंग की जाती है।

## 7.5 सतर्कता प्रकोष्ठ

एनआईओएस के सतर्कता प्रकोष्ठ का नेतृत्व एक अंशकालिक मुख्य सतर्कता अधिकारी द्वारा किया जाता है। निवारक सतर्कता कार्यालय में पारदर्शिता तथा दक्षता लाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। शिक्षार्थियों के हित को ध्यान में रखते हुए एनआईओएस द्वारा एनआईओएस कार्य के विभिन्न पहलुओं में डिजिटलीकरण करने की दिशा में प्रमुख जोर दिया गया। एनआईओएस ने शिक्षार्थियों की सभी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए वेब पोर्टल तैयार किया। शिक्षार्थी पाठ्यक्रम के लिए पंजीकरण आरंभ होने से लेकर परीक्षा फॉर्म भरने तक सभी प्रकार की जानकारी ऑनलाइन प्राप्त कर सकते हैं। विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए पाठ्यक्रम सामग्री ऑनलाइन भी प्रदान की जा रही है। अब शिक्षार्थी अपने प्रवेश, पंजीकरण, उनके द्वारा जमा किए गए दस्तावेजों की स्थिति से संबंधित आवश्यक जानकारी आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। ऑनलाइन प्रणाली ने सेवाओं के प्रसार में संस्था को लाभान्वित किया है। केंद्रीय सर्तकता आयोग द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों/दिशा-निर्देशों को अधिकारियों तथा कर्मचारियों के संज्ञान में भी लाया गया।

## 7.6 सामग्री वितरण इकाई (एमडीयू)

सामग्री वितरण इकाई (एमडीयू) सेंट्रल वेयरहाउस कॉरपोरेशन, राणा प्रताप बाग, दिल्ली में स्थित है। सामग्री वितरण इकाई का कार्य कागज का भंडारण करना/जारी करना, मुद्रकों से शैक्षिक और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिए विवरणिका, रिक्त उत्तर पुस्तिकाएँ और अन्य मुद्रित सामग्री एवं ऑडियो/वीडियो सीडी प्राप्त करना और एनआईओएस के शिक्षार्थियों, प्रत्यायित संस्थाओं, प्रत्यायित व्यावसायिक शिक्षा संस्थाओं, क्षेत्रीय केन्द्रों और राज्य मुक्त विद्यालयों/ राज्य बोर्डों को वितरित करना है।

सामग्री वितरण इकाई के प्रमुख कार्य हैं :-

### 1. सामग्री की प्राप्ति

- कागज मिलों से विभिन्न प्रकार के कागज की प्राप्ति।
- मुद्रकों से अध्ययन सामग्री (पुस्तकें) की प्राप्ति।
- व्यावसायिक शिक्षा और प्रायोगिक परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाएँ प्राप्त की प्राप्ति।
- ऑडियो/वीडियो सीडी की प्राप्ति।
- अन्य विविध मुद्रित सामग्री की प्राप्ति।

### 2. सामग्री का प्रेषण

- मुद्रण इकाई द्वारा जारी इंडेंट के अनुसार पैनल के मुद्रकों को कागज जारी करना।
- एनआईओएस के शिक्षार्थियों को अध्ययन सामग्री का वितरण।
- राज्य मुक्त विद्यालयों तथा एनआईओएस के क्षेत्रीय केंद्रों को अध्ययन सामग्री का प्रेषण

MarkSheets, Annual Accounts, Answer Books, News Bulletin, Almanac, Wall Calendars, Examination related materials and Reports of various Seminars/Conferences are typeset and designed in-house in the DTP Unit.

## 7.5 Vigilance Cell

The Vigilance Cell of NIOS is headed by a part time Chief Vigilance Officer. Preventive Vigilance plays a pivotal role in bringing out transparency and efficiency in the system. Keeping in view the interest of learners, major thrust was given by NIOS towards digitalization in the various facets of NIOS working. NIOS has introduced a Web Portal to meet all requirements of the learners. The learners can get all type of information online starting from the registration for the course to filling up of the examination form. The course materials for various courses are also being provided online. The learners now have an easy access to the information required by them relating to admission, registration, and status of documents submitted by them. The online system has benefitted the institute in delivering its services The instructions/guidelines issued by the Central Vigilance Commission from time to time are also brought to the notice of the officers and staff.

## 7.6 Material Distribution Unit (MDU)

The Material Distribution Unit (MDU) is located at the Central Ware House Corporation in Rana Pratap Bagh, Delhi. The MD Unit is entrusted with the task of storing and issuing of paper, receiving study materials from the Printers related to Academic and Vocational Courses, Vocational Practical, Blank Answer Books, other printed materials and Audio/Video CDs, and their distribution to NIOS learners and Accredited Institutions, Accredited Vocational Institutions, Regional Centres and State Open Schools/State Boards of School Education.

The main functions of M.D.Unit are:

### 1. Receipt of Materials

- Receiving of paper of different types from paper mills.
- Receiving of Study Material (Books) from the Printers.
- Receiving of Answer Books of Vocational and Practical Examination.
- Receiving of Audio/Video CDs.
- Receiving of other miscellaneous printed material.

### 2. Despatch of Materials

- Issue of paper to printers on panel as per indent issued by the Printing Unit.
- Distribution of Study Material to learners of NIOS.
- Despatch of study material to State Open Schools and the Regional Centres of NIOS.

- ➥ क्षेत्रीय केन्द्रों को उत्तर पुस्तिकाओं का प्रेषण
- ➥ एआई और एवीआई को पुस्तकों का प्रेषण।
- ➥ ऑडियो/वीडियो और अन्य विविध सामग्री का प्रेषण।

### 3. अध्ययन सामग्री (पुस्तकों) का विक्रय

- ➥ शिक्षार्थियों को पुस्तकों का विक्रय।
- ➥ राज्य मुक्त विद्यालयों तथा राज्य अनुसंधान केंद्रों (एसआरसी) को अध्ययन सामग्री का विक्रय।
- ➥ स्कूल शिक्षा राज्य बोर्डों को पुस्तकों का विक्रय

### 7.6.1 स्वः अध्ययन सामग्री का प्रेषण

मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा (ओडीएल) कार्यक्रम की सफलता शिक्षार्थियों की अध्ययन सामग्री के समय पर वितरण पर निर्भर करती है जिससे वे अपनी गति के अनुसार शिक्षा प्राप्त कर सके। एनआईओएस के वे शिक्षार्थी जिन्होंने वर्षभर में ऑन लाइन पंजीकरण कराया है, उन्हें प्रत्येक विषय की अध्ययन सामग्री ठीक प्रकार से पोलिथीन कवर में रखकर उनके आवासीय पते पर प्रदान की जाती है। दूरस्थ शिक्षा प्रणाली के शिक्षार्थियों को सही समय पर अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराना एक बहुत बड़ा कार्य है जो एमपीडीडी द्वारा किया जाता है।

ऑन लाइन प्रवेश के तीन अन्य स्ट्रीम 2, 3 एवं 4 हैं जो विशेष रूप से ऐसे शिक्षार्थियों के लिए बनाए गए हैं जो शीघ्रतम उपलब्ध अवसरों पर एनआईओएस की परीक्षा देना चाहते हैं। यदि ये शिक्षार्थी भुगतान करके अध्ययन सामग्री प्राप्त करना चाहते हैं और अपेक्षित राशि का भुगतान 'सचिव, एनआईओएस' के पक्ष में, नोएडा में देय बैंक ड्रॉफ्ट के माध्यम से भेजते हैं। उन्हें अध्ययन सामग्री भेजने के लिए आवश्यक कदम उठाए गए। उनके लिए एम.डी. इकाई इस प्रकार के शिक्षार्थियों का रिकॉर्ड रखती है और भारतीय डाक विभाग की बिजनेस पार्सल पोस्ट (बीपीपी) सेवा (सर्फेस) द्वारा उनके निवास स्थान पर अध्ययन सामग्री भेजती है। एनआईओएस उनके पते पर अध्ययन सामग्री के थैलों के शीघ्र वितरण के लिए बारकोड का प्रयोग करता है। एनआईओएस शिक्षार्थियों को पार्सल के प्रेषण संबंधी विवरण का संदेश (एसएमएस) भेजता है। इस प्रकार सुपुर्द न किए गए पार्सलों का जोखिम कम हुआ है। बीपीपी का बारकोड शिक्षार्थियों के पता लेबल पर मुद्रित है तथा शिक्षार्थियों की जानकारी के लिए एनआईओएस की वेबसाइट पर अपलोड किया गया है। वर्ष 2019-20 में ऑनलाइन पंजीकृत लगभग 4.31 लाख शिक्षार्थियों को अध्ययन सामग्री का प्रेषण किया गया।

डाक विभाग के माध्यम से व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने वाले शिक्षार्थियों को सामग्री का वितरण करने के लिए 584 से अधिक प्रत्यायित व्यावसायिक संस्थाओं को अध्ययन सामग्री का प्रेषण किया गया। जम्मू और कश्मीर में डी.एल.एड. के 48 केंद्रों को प्रथम वर्ष की 3038 किताबें भेजी गईं। एमपीडीडी ने कार्यक्रमों के सुचारु संचालन

- ➥ Despatch of Answer Books to the Regional Centres.
- ➥ Despatch of Books to AIs and AVIs.
- ➥ Despatch of Audio/Video materials and Other miscellaneous materials.

### 3. Sale of Study Materials (Books)

- ➥ Sale of Books to students/ learners.
- ➥ Sale of Books to State Open Schools and State Resource Centres (SRCs).
- ➥ Sale of Books to State Boards of School Education.

### 7.6.1 Despatch of Study Material

The success of Open and Distance Learning (ODL) programme largely depends on timely supply of instructional materials to the students to enable them to learn at their own pace. The students of NIOS who have registered Online for Stream-1 are given instructional materials duly packed in Poly Coated Bags for each subject round the year at their residential addresses. Making Books available at right time to the learners of distance education system is a great job performed by MPDD.

There are three more Streams of Online Admission viz., 2, 3 and 4 which are specifically designed for the learners who want to appear in NIOS examinations at the earliest. If these learners want to procure the study material on payment basis and send payment through Bank Draft in favour of 'Secretary, NIOS' payable at NOIDA, necessary steps are taken to deliver them the material. The M.D. Unit keeps record of such learners and sends Study Material to them through Business Parcel Post (BPP) Service (Surface) of the Indian Postal Department directly at their residence. NIOS uses Bar Code system for prompt delivery of bags of study material to the addressees. NIOS sends messages (SMS) to the learners containing despatch details of the parcels. Thus, it reduces the risk of undelivered parcels. The Bar Code of the BPP is printed on the address labels of the learners and uploaded at NIOS website for information of the learners. During 2019-20, the study materials were despatched to nearly 4.31 lakh students registered online.

The study materials were despatched through the Department of Posts to more than 584 Accredited Vocational Institutions for distribution to the learners admitted in Vocational Education Courses. 3038 books were sent to 48 Centres of D.El.Ed. first year in Jammu and Kashmir. MPDD sent study

के लिए अध्ययन केंद्रों तथा राज्य समन्वयकों को समय पर अध्ययन सामग्री भेजी। देशभर में विभिन्न स्टेक धारकों को भी आशा प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम की 27843 पुस्तकें भेजी गईं।

material in time to Study Centres and State Coodinators for the smooth conduct of programmes. 27843 books of the ASHA Certificate Course were also sent to different stake holders throughout the country.

### सत्र 2019-20 (ब्लॉक-I और II) के लिए अध्ययन सामग्री के प्रेषण की स्थिति
### Status of Despatch of Study Material for Session 2019-20 (Block-I & II)

| क्र.सं.<br>**Sl.No.** | क्षेत्र<br>**Region** | ब्लॉक-I में प्रवेश<br>**Admission in Block-I** | ब्लॉक-II में प्रवेश<br>**Admission in Block-II** | वर्ष 2018-19 में कुल प्रवेश<br>**Total Admission 2018-19** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | हैदराबाद/HYDERABAD | 654 | 537 | 1191 |
| 2 | पुणे/PUNE | 8977 | 2780 | 11757 |
| 3 | कोलकाता/KOLKATA | 19978 | 13895 | 33873 |
| 4 | गुवाहाटी/GUWAHATI | 19818 | 15260 | 35078 |
| 5 | चंदीगढ़/CHANDIGARH | 27507 | 14489 | 41996 |
| 6 | कोच्चि/KOCHI | 22363 | 9120 | 31483 |
| 7 | दिल्ली/DELHI | 91281 | 30273 | 121554 |
| 8 | एनआईओएस मुख्यालय/<br>NIOS HEAD QUARTER | 925 | 392 | 1317 |
| 9 | जयपुर/JAIPUR | 21708 | 18061 | 39769 |
| 10 | पटना/PATNA | 3599 | 2452 | 6051 |
| 11 | इलाहाबाद/ALLAHABAD | 10538 | 3988 | 14526 |
| 12 | भोपाल/BHOPAL | 6468 | 4958 | 11426 |
| 13 | देहरादून/DEHRADUN | 18765 | 9435 | 28200 |
| 14 | भुवनेश्वर/BHUBANESHWAR | 4866 | 2459 | 7325 |
| 15 | विशाखापत्तनम/VISAKHAPATNAM | 221 | 230 | 451 |
| 16 | बेंगलूरू/BENGALURU | 3028 | 2012 | 5040 |
| 17 | गांधीनगर/GANDHI NAGAR | 11295 | 6994 | 18289 |
| 18 | रायपुर/RAIPUR | 924 | 588 | 1512 |
| 19 | रांची/RANCHI | 5175 | 2997 | 8172 |
| 20 | चेन्नई/CHENNAI | 3046 | 1673 | 4719 |
| 21 | धर्मशाला/DHARAMSHALA | 2173 | 788 | 2961 |
| 22 | गंगटोक/GANGTOK | 213 | 725 | 938 |
| 23 | जम्मू/JAMMU | 1269 | 1704 | 2973 |
| 24 | अमेठी/AMETHI | 0 | 6 | 6 |
| 25 | नोएडा/NOIDA | 0 | 24 | 24 |
| 26 | कोटा/KOTA | 0 | 4 | 4 |
| | कुल/**TOTAL** | **284791** | **145844** | **430635** |

## 7.6.2 वर्ष 2019-20 के दौरान सामग्री वितरण इकाई के कार्यों की विशेषताएँ

- शिक्षार्थियों को रु. 7,01,283.00 राशि की पुस्तकों और विवरणिकाओं का विक्रय।
- 22 क्षेत्रीय केंद्रों पर प्रायोगिक उत्तर पुस्तिकाएं भेजी गईं।
- मई, 2019 में 189 व्यावसायिक परीक्षा केंद्रों पर तथा नवबंर 2019 में 169 केंद्रों पर उत्तर पुस्तिकाएं भेजी गईं।

## 7.7 विधि प्रकोष्ठ

- **इस दौरान किए गए कार्य** – वर्ष 2019-20 के दौरान विधि इकाई के कार्यक्षेत्र को व्यापक रूप में निम्नलिखित बिंदुओं में दर्शाया गया है।
- **अनुरोध :** मुक्त दूरस्थ शिक्षा (ओडीएल) का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए अन्य संस्थाओं/एजेंसियों के साथ एमओयू/अनुबंधों का विधि की दृष्टि से पुनरीक्षण।
- **मुकदमे :** विभिन्न न्यायालयों / मंचों / आयोगों / ट्राईब्यूनलों में एनआईओएस के हित की रक्षा करना।
- **विधि संबंधी अभिमत :** परीक्षा क्रय, सामान्य प्रशासन के विभिन्न कानूनी मुद्दों पर अभिमत देना।
- **समन्वयन :** समयबद्ध तरीके से एनआईओएस के कानूनी मामलों के तेजी से निपटान के लिए क्षेत्रीय केन्द्रों सहित एनआईओएस के अन्य विभागों के साथ समन्वयन किया गया।
- **एनआईओएस के विधि मामलों/विवादों की मॉनीटरिंग :** पूरे देश के विभिन्न न्यायालयों में विधि मामलों/विवादों तथा लंबित मामलों पर हो रहे कार्य को मॉनीटर करने के लिए मॉनीटरिंग प्रणाली तैयार की गई।
- **उपस्थिति तथा साक्ष्य :** समय-समय पर जब कभी आवश्यक हुआ, विभिन्न न्यायालयों के आदेशानुसार अपेक्षित साक्ष्यों के साथ न्यायालय के समक्ष उपस्थित हुए।
- **भविष्य के लिए योजना :** कानूनी कार्य में समय की पाबंदी होती है, यह कार्य निर्धारित समय सीमा में किए गए। एनआईओएस काउंसिल और संबंधित न्यायालयों में जमा करने के लिए उत्तरों का मसौदा इनपुट के आधार पर तैयार किया जाता है। जब कभी और जहां कहीं आवश्यकता होती है, एनआईओएस की ओर से दिन-प्रतिदिन न्यायालयों में उपस्थिति दर्ज की गई।
- **सामान्य :** वर्ष 2019-20 के दौरान, नाम, अभिभावक का नाम, जन्म तिथि, प्रवेश की पुष्टि तथा परीक्षा केन्द्र के निर्धारण तथा डी.एल.एड. परिणाम की घोषणा आदि में सुधार करने के लिए कानूनी नोटिस प्राप्त हुए। एनआईओएस के मानदण्डों तथा निबंधन एवं शर्तों के अंतर्गत अपेक्षानुसार पूर्व विवादों का उचित समाधान उपलब्ध कराकर शिक्षार्थियों की शिकायतों का समय पर सौहार्दपूर्ण ढंग से निवारण किया गया।

## 7.6.2 Highlights of Performance of M.D. Unit during 2019-20

- Sale of Books and Prospectuses worth Rs.**701283** /- to individual learners.
- Practical Answer Books were sent to 22 Regional Centres
- Answer Books were sent to 189 Vocations Examination Centres in May 2019 and 169 centres in November 2019.

## 7.7 Legal Unit

- **Work done during -** The scopes of work of legal unit are broadly presented into following area **the year 2019-20** viz.
- **Solicitation**- Legal vetting of MOUs / Agreements with other institutions/ agencies to achieve the goal of ODL Education.
- **Litigation**- Defending the interest of NIOS in different Courts /Fora/Commissions/ Tribunals.
- **Legal Opinion**- Opinion was rendered on various legal issues pertaining to Examinations. purchase and general administration.
- **Coordination-** Coordination with other constituents of NIOS including Regional Centres is done for speedy disposal of legal cases of NIOS.
- **Monitoring of Legal Cases/Disputes of NIOS** – A Monitoring system has been developed to monitor the legal issues/disputes and keeping progress of cases pending in different Courts across the country.
- **Appearance are Evidences –** Appearance before the Courts from time to time as and when required with desired evidences as per orders of different Courts.
- **Planning for Future** - Legal work is of time bound nature and it is being done within prescribed time frame. Replies are drafted on the basis of input for submission to NIOS counsel and to the concerned courts. Day to day appearances on behalf of NIOS are also being made in courts as and when required.
- **General -** During the assessment year 2019-20, legal notices were received for correction in name, parents, date of birth, confirmation of admission and fixation of examination centres and declaration of D.El.Ed result etc. The grievances of learners were redressed amicably in time by providing suitable solution at pre litigation stage as contemplated under NIOS norms and Rules and Regulations.

➤ **प्रमुख उपलब्धियाँ :** विभिन्न न्यायालयों में एनआईओएस के हितों की दक्षतापूर्वक रक्षा की।

## 7.8 जनसंपर्क

एनआईओएस की सभी गतिविधियों और कार्यक्रमों को मीडिया में विज्ञापनों तथा प्रैस विज्ञप्तियों के माध्यम से प्रचारित किया गया।

i. भावी शिक्षार्थियों तथा एनआईओएस शिक्षार्थियों की जानकारी के लिए ऑन लाइन प्रवेश की विभिन्न स्ट्रीमों तथा परीक्षा सूचनाओं से संबंधित विज्ञापन राष्ट्रीय तथा क्षेत्रीय दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित कराए गए। व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार करने, निविदा सूचनाएँ, रिक्ति सूचनाएं, विशेष आयोजन संबंधी विज्ञापन इत्यादि भी दैनिक समाचार पत्रों में छपवाए गए।

ii. एनआईओएस कार्यक्रमों/गतिविधियों और प्रवेश और परीक्षा जैसी रोजमर्रा की गतिविधियों की प्रेस विज्ञप्तियों का मीडिया द्वारा प्रसार किया गया।

iii. विज्ञापनों तथा प्रेस सूचना जैसी प्रकाशित सामग्रियों द्वारा सूचना प्रसारित की गईं।

iv. एनआईओएस की योजनाओं, पाठ्यक्रमों तथा कार्यक्रमों के प्रचार के लिए लोकप्रिय पत्रिकाओं में विज्ञापन प्रकाशित किए गए।

v. शिक्षा सम्मेलनों, संगोष्ठियों आदि में एनआईओएस की सहभागिता, का समन्वयन भी किया गया।

vi. एनआईओएस मुख्य रूप से अपने सभी पाठ्यक्रमों तथा कार्यक्रमों के प्रसार के लिए वेबसाइट, फेसबुक, ट्विटर जैसे अन्य उपलब्ध प्रभवशाली माध्यमों का प्रयोग भी करता है तथा अपने शिक्षार्थियों तथा अन्य स्टेकहोल्डरों को सीधे संदेश भी भेजता है।

जनसंपर्क इकाई ने एनआईओएस के शिक्षार्थियों के साथ-साथ भावी शिक्षार्थियों से प्राप्त प्रश्नों का भी उत्तर दिया।

➤ **Major Achievements** - Efficiently defended NIOS interests in different Courts.

## 7.8 Public Relation

All NIOS activities and programmes were covered in the Media through advertisements and press releases.

i. Advertisements pertaining to different streams of Online Admission and Examination Notices were published in National and Regional Dailies for dissemination of information to prospective client groups and NIOS learners. Tender Notices, Vacancy Notices, events related advertisements etc., were also published in dailies in order to disseminate widely.

ii. Press Releases of NIOS programmes/activities and routine activities, such as admission and examinations, were disseminated through Media.

iii. Facilitated dissemination of published materials such as advertisements and press clippings.

iv. Advertisements were released in popular magazines to popularise NIOS Schemes, Courses and Programmes.

v. Participation of NIOS in Education Summits, Conferences etc., was also coordinated.

vi. NIOS also uses other available mediums effectively like website, facebook, twitter and direct messages to its learners and other stakeholders, mainly to publicise its courses and programmes.

The Public Relation Unit responded to queries received from NIOS learners as well as from prospective learners.

# 8

# क्षेत्रीय सेवाएँ
# Regional Services

## 8.0 परिचय

एनआईओएस के क्षेत्रीय केन्द्र अध्ययन केन्द्रों और एनआईओएस मुख्यालय के बीच; राज्य सरकारों और एनआईओएस मुख्यालय के बीच; अध्ययन केन्द्रों और शिक्षार्थियों के बीच; शैक्षिक विशेषज्ञों और अध्ययन केन्द्रों के बीच तथा एनआईओएस और जनसाधारण के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी की भूमिका निभाते हैं। किसी क्षेत्र में एनआईओएस कार्यक्रमों और नीतियों की सफलता उस क्षेत्र के क्षेत्रीय केन्द्र की केन्द्रीय भूमिका पर निर्भर करती है। इस समय एनआईओएस देश के विभिन्न भागों में 23 क्षेत्रीय केन्द्रों : प्रयागराज, अमेठी, बेंगलुरु, भुवनेश्वर, भोपाल, चंडीगढ़, चेन्नई, दिल्ली, देहरादून, धर्मशाला, गांधीनगर, गंगटोक, गुवाहाटी, हैदराबाद, जयपुर, जम्मू, कोच्चि, कोलकाता, पटना, पुणे, रांची, रायपुर और विशाखापट्टनम द्वारा कार्य कर रहा है। दरभंगा और कोटा में इसके दो उपकेन्द्र तथा शिलांग और अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह के पोर्ट ब्लेयर में एनआईओएस प्रकोष्ठ हैं।

## 8.1 क्षेत्रीय केन्द्रों के कार्य

क्षेत्रीय केंद्र मुख्यतया निम्न प्रकार की गतिविधियाँ करते हैं :-

1. शैक्षिक
2. प्रशासनिक
3. प्रसारात्मक
4. योजना निर्माण और मॉनीटरिंग।

सामान्य तौर पर क्षेत्रीय केन्द्रों द्वारा किए जा रहे कार्यों का एक संक्षिप्त विवरण नीचे दिया गया है :

### 8.1.1 शैक्षिक कार्य

- मुक्त विद्यालयी शिक्षा के क्षेत्र में अनुसंधान कार्य आयोजित करना तथा प्रत्यायित संस्थाओं (एआई), प्रत्यायित व्यावसायिक संस्थाओं(एवीआई) और प्रत्यायित एजेंसियों (एए) के कार्यान्वयन पर फीडबैक प्राप्त करना।
- मुक्त विद्यालयी शिक्षा की अध्ययन सामग्री से संबंधित आवश्यकता आधारित अनुदेशनात्मक सामग्री तैयार करना जिसमें क्षेत्रीय भाषाएँ और प्रशिक्षण पैकेज इत्यादि शामिल हैं।
- आवश्यकतानुसार क्षेत्रीय भाषाओं में ऑडियो और वीडियो कार्यक्रमों का विकास करना।

## 8.0 Introduction

The Regional Centres of NIOS provide a vital and effective link between the Study Centres and the NIOS Headquarters; between the State Governments and the NIOS Headquarters; between the Study Centres and learners, between the Academic Facilitators and the Study Centres and between NIOS and general public. The success of NIOS programmes and policies in a region largely depends on the pivotal role played by the Regional Centres. Presently 23 Regional Centres at Prayagraj, Amethi, Bengaluru, Bhubaneswar, Bhopal, Chennai, Chandigarh, Delhi, Dehradun, Dharmshala, Guwahati, Gandhinagar, Gangtok, Hyderabad, Jaipur, Jammu, Kochi, Kolkata, Patna, Pune, Ranchi, Raipur and Visakhapatnam are functioning in different parts of the country. There are Sub-Regional Centre at Darbhanga and Kota, NIOS Cell at Shillong and Port Blair in Andaman and Nicobar Islands.

## 8.1 Functions of Regional Centres

Basically, the Regional Centres are required to perform following types of activities:

1. Academic
2. Administrative
3. Promotional
4. Planning and Monitoring

A brief description of the functions generally performed by the Regional Centres under each category is given below:

### 8.1.1 Academic Functions

- Conducting research in the area of Open Schooling and collecting feedback on the functioning of Accredited Institutions (AIs), Accredited Vocational Institutions (AVIs) and Accredited Agencies (AAs).
- Development of need based instructional material pertaining to the Open Schooling courses of study in Regional Languages and development of training packages.
- Development and dissemination of need based audio and video programmes in Regional languages.

- मुक्त विद्यालयी शिक्षा से संबंधित लोगों के लिए अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करना।
- एनआईओएस से उत्तीर्ण हुए शिक्षार्थियों के अनुवर्ती अध्ययन और उनकी उपलब्धियों का संकलन करना।
- व्याख्यानों, प्रदर्शनियों और अन्य कार्यक्रमों का आयोजन करना।
- समन्वयकों, केन्द्र अधीक्षकों और शैक्षिक विशेषज्ञों की बैठकें आयोजित करना।

### 8.1.2 प्रशासनिक कार्य

- प्रवेश संबंधी गतिविधियाँ– जैसे, विवरणिका की बिक्री, शुल्क प्राप्त करना, प्रवेश संबंधी आंकड़ों की प्रविष्टियाँ करना और उनकी जाँच करना, अध्ययन केन्द्रों को सूचियाँ भेजना, पहचान-पत्रों को जारी करना, क्रेडिट स्थानांतरण (टीओसी) की प्रविष्टि, जाँच एवं सत्यापन करना तथा उन्हें मुख्यालय में भेजना, विषय परिवर्तन/अतिरिक्त विषय संबंधित मामले।
- शिक्षार्थियों के प्रवेश और परीक्षा संबंधी रिकार्ड रखना।
- अध्ययन सामग्री के वितरण के लिए मुख्यालय से संपर्क करना और शिक्षार्थियों की शिकायतों का समाधान करना।
- एनआईओएस मुख्यालय के साथ संपर्क के दौरान प्रवेश आंकड़ों में आवश्यकता के अनुरूप संशोधन/सुधार करना।
- सत्यापन के लिए क्रेडिट स्थानांतरण (टीओसी) समिति की बैठकों का आयोजन करना।
- परीक्षा संबंधी गतिविधियाँ जैसे- शुल्क लेना, परीक्षा केन्द्रों का निर्धारण, शिक्षार्थियों को हॉल टिकट जारी करना, उत्तर-पुस्तिकाएँ प्राप्त करना, मूल्यांकन का गोपनीय कार्य, उत्तर-पुस्तिकाओं का निश्चित स्थान पर मूल्यांकन, मुख्यालय को अंक सूचियाँ भेजना, पुन: मूल्यांकन इत्यादि।
- एनआईओएस की परीक्षाओं का व्यवस्थित आयोजन सुनिश्चित करने के लिए नोडल अधिकारियों, निरीक्षकों और निरीक्षण दलों की नियुक्ति करना; निरीक्षकों की रिपोर्ट का विश्लेषण एवं संकलन करके अनुवर्ती कार्रवाई करना, परीक्षा संबंधी बिलों का सत्यापन करना।
- सचिव एवं क्षेत्रीय निदेशक के लेखा का रख रखाव।
- एनआईओएस में प्रवेश, कार्यक्रमों के प्रचालन और परीक्षाओं आदि से संबंधित विविध कार्य।
- जन-संपर्क और शिक्षार्थियों की शिकायतों से संबंधित मामले।
- यह सुनिश्चित करना कि टीएमए शिक्षार्थियों द्वारा ही किये गये हैं और उनका मूल्यांकन अध्ययन केन्द्रों पर ही हुआ है।

- Organization of short-term training programmes for Open Schooling functionaries.
- Follow up studies of NIOS pass outs and compilation of success stories.
- Arranging lectures, exhibitions and other programmes.
- Holding meetings of Coordinators, Centre Superintendents and Academic Facilitators.

### 8.1.2 Administrative Functions

- Admission related activities such as sale of Prospectus, fee realization, punching and checking of admission data, sending checklists to AIs; issue of identity cards; punching, checking and verification of Transfer of Credits (TOC) cases and forwarding the same to NIOS Headquarters, and matters related to change of subjects/additional subjects.
- Record keeping in respect of learners' admission and examination.
- Liaisoning with NIOS headquarters for distribution of study material and redressal of grievances of learners.
- Carrying out corrections/modifications in admission data as per requirement in consultation with NIOS Headquarters.
- Organizing meetings of Transfer of Credit (TOC) Committee for verification.
- Examination related activities such as fee realization, fixation of examination centres, issuing Hall Tickets to learners, receipt of answer books, secrecy work, spot evaluation, sending award lists to NIOS Headquarters, re-evaluation etc.
- Appointment of nodal officers, observers and inspection teams for ensuring proper conduct of examinations; analysis and consolidation of observers' reports; taking follow up actions, and verification of examination related bills.
- Maintenance of Secretary's Account and Regional Director's Accounts.
- Miscellaneous work related to NIOS admission, programme delivery and examination.
- Matters related to public relations and students' grievances.
- Ensuring that the Assignments are attempted by the candidates and are evaluated at the AIs.

- टीएमए अंकों और बिलों को योजनानुसार विद्यार्थी सहायता सेवाएँ विभाग के पास भेजना तथा क्षेत्रीय केन्द्र में उसका रिकॉर्ड रखना।
- टीएमए के 5% नमूनों का मूल्यांकन।
- संबंधित क्षेत्र के नामांकित शिक्षार्थियों के लिए जब चाहो परीक्षा का आयोजन करना।

### 8.1.3 प्रसारात्मक कार्य

- एनआईओएस के अध्ययन केन्द्रों के रूप में कार्य करने हेतु अच्छे विद्यालयों/संस्थाओं की पहचान करना।
- प्रत्यायन संबंधी कार्य जैसे- विद्यालयों/संस्थाओं के प्रत्यायन हेतु निरीक्षण करना, अध्ययन केन्द्रों से संपर्क करना और एनआईओएस अध्ययन केन्द्रों का प्रत्यायन रद्द करने से संबंधित मामले।
- एनआईओएस के कार्यक्रमों-प्रवेश, परीक्षा और प्रचार-प्रसार के लिए विज्ञापन देना।
- राज्य समन्वयन समितियों के माध्यम से क्षेत्र में मुक्त विद्यालयी शिक्षा की शैक्षिक आवश्यकताओं का निर्धारण करना।
- क्षेत्र में ही राज्यों में मुक्त विद्यालयी शिक्षा के प्रसार के लिए प्रयास करना और संबंधित राज्यों को राज्य मुक्त विद्यालय (एसओएस) की स्थापना/उन्नयन करने में परामर्श/सहायता करना।
- राज्य सरकारों के साथ संपर्क करना तथा मुक्त विद्यालयी शिक्षा से संबंधित मामलों में समन्वयन करना।
- प्रसार कार्यक्रमों का आयोजन करना।

### 8.1.4 योजना बनाना और मॉनीटरिंग करना

- क्षेत्रीय केन्द्र की वार्षिक योजनाएँ तैयार करना।
- प्रत्यायित संस्थाओं में व्यक्तिगत संपर्क कार्यक्रमों (पीसीपी) और अनुशिक्षक अंकित मूल्यांकन कार्य (टीएमए) सहित एनआईओएस के कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की मॉनीटरिंग करना।
- अध्ययन केन्द्रों में शैक्षिक विशेषज्ञों का निर्धारण और नियुक्ति करना।
- क्षेत्रीय केन्द्र स्तर पर मॉनीटरिंग तथा शैक्षिक सुविधाएँ प्रदान करने के लिए प्रवेश, अध्ययन केन्द्रों तथा मानव संसाधनों का डाटा बेस रखना।
- शैक्षिक विशेषज्ञों की रिपोर्टों का विश्लेषण करना तथा तिमाही आधार पर समेकित रिपोर्ट पर आवश्यक कार्रवाई करना तथा उन्हें मुख्यालय में भेजना।
- एआई/एवीआई/ओबीई केन्द्रों का सुचारू रूप से संचालन सुनिश्चित करना।

- Forwarding TMA Awards and Bills to the Student Support Services Department as per schedule and maintaining record of the same.
- Carrying out 5% sample checking of the TMAs.
- Conducting On Demand Examinations for learners enrolled from the region.

### 8.1.3 Promotional Functions

- Identification of good schools/institutions to work as study centres of NIOS.
- Accreditation related work such as inspection of schools/institutions for accreditation, interaction with Study Centres and matters related to dis-accreditation of Study Centres of NIOS.
- Advertisements regarding admission, examination and publicity of programmes.
- Identification of educational needs in Open Schooling in the region through State Coordination Committees.
- Promotion of Open Schooling in the States within the region and consultancy/assistance to the concerned states for setting up/upscaling of State Open Schools (SOSs).
- Liaisoning with State Government and coordination in matters related to Open Schooling.
- Organization of advocacy programmes.

### 8.1.4 Planning and Monitoring

- Preparation of Annual Plans of the Regional Centre.
- Monitoring of implementation of programmes in the Accredited Institutions including Personal Contact Programmes (PCPs) and Tutor Marked Assignments (TMAs).
- Identification and allotment of Academic Facilitators to the AIs.
- Maintenance of the database of admission, AIs and Human Resource for monitoring and academic facilitation at the Regional Centre level.
- Analysing the reports of the Academic Facilitators and preparing consolidated reports on quarterly basis for necessary action and forwarding the same to the NIOS Headquarters.
- Ensuring smooth functioning of AIs/AVIs/OBE Centres.

## एनआईओएस क्षेत्रीय केन्द्रों के कार्यक्रम और गतिविधियाँ :

### सामान्य

- एनआईओएस के सभी क्षेत्रीय केंद्रों द्वारा प्रवेश तथा परीक्षा संबंधी गतिविधियाँ की गईं।
- सभी क्षेत्रीय केंद्रों ने मुक्त विद्यालयी कार्यक्रम के प्रसार के लिए कदम उठाए। इसके साथ-साथ प्रसार, एनआईओएस के अध्ययन केंद्रों के रूप में प्रत्यायन हेतु अच्छे स्कूलों की पहचान, संस्था आयोजनों/कार्यों में समन्वयन तथा स्पष्टीकरण, एनआईओएस शिक्षार्थियों के लिए सहायता सेवाएँ, राज्य सरकार के साथ संपर्क तथा संबंधित क्षेत्रों में एनआईओएस कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की मॉनीटरिंग शामिल है।
- एनआईओएस मुख्यालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार कुछ प्रमुख दिवसों का आयोजन किया गया।

| | | |
|---|---|---|
| ➢ स्वतंत्रता दिवस | - | 15 अगस्त |
| ➢ गणतंत्र दिवस | - | 26 जनवरी |
| ➢ हिंदी पखवाड़ा (पखवाड़ा) | - | सितंबर के प्रथम/द्वितीय पखवाड़े में |
| ➢ स्वच्छता दिवस | - | 2 अक्तूबर |
| ➢ राष्ट्रीय एकता दिवस | - | 31 अक्तूबर |
| ➢ सेवा सप्ताह | - | 14-20 दिसंबर |
| ➢ महात्मा गांधी (राष्ट्रपिता) की 150 वीं जयंती | - | 2 अक्तूबर |
| ➢ अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस | - | 21 फरवरी |
| ➢ विश्व स्वास्थ्य दिवस | - | 5 जून |
| ➢ संविधान दिवस | - | 26 नवंबर |
| ➢ राष्ट्रीय शिक्षा दिवस | - | 11 नवंबर |
| ➢ सतर्कता सप्ताह | - | 28 अक्तूबर से 2 नवंबर |

इन कार्यक्रमों में क्षेत्रीय केंद्रों के संकायों और कार्मिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कई क्षेत्रीय केंद्रों ने गणमान्य व्यक्तियों को आमंत्रित किया जिन्होंने इन महत्वपूर्ण दिनों के बारे में अपने विचार साझा किए।

### विशिष्ट गतिविधियाँ तथा कार्यक्रम

देश में एनआईओएस के क्षेत्रीय केंद्रों की गतिविधियों की कुछ प्रमुख जानकारी नीचे दी गई है :

### क्षेत्रीय केंद्र बेंगलूरू

- क्षेत्रीय केंद्र की सलाहकार समिति (आरसीएसी) की चौथी बैठक 29.05.2019 को आयोजित की गई। एनआईओएस के कुछ नीतिगत निर्णय तथा अन्य कार्यों जैसे आरंभ किया गया नया ऑनलाइन प्रवेश पोर्टल, ई-सेवाओं का आरंभ, ऑनलाइन शुल्क भुगतान,

## Programmes and Activities of the Regional Centres of NIOS

### General

- The admission and examination related activities were performed by all the Regional Centre of NIOS.
- The Regional Centre took steps for promotion of Open Schooling programme. This inter alia included publicity, identification of good schools for accreditation as study centres of NIOS, coordination and clearing house functions, support services for NIOS learners, liaisoning with State Government, and monitoring of implementation of NIOS programmes in the respective regions.
- The Regional Centres of NIOS organized/ celebrated the following days as per guidelines issued by NIOS Headquarters :-

| | | |
|---|---|---|
| ➢ Independence Day | - | 15 August |
| ➢ Republic Day | - | 26 January |
| ➢ Hindi Pakhwara (fortnight) | - | First/second half of September |
| ➢ Swatchta Diwas | - | 2nd October |
| ➢ National Unity Day | - | 31st October |
| ➢ Sewa Saptah | - | 14-20 December |
| ➢ 150th Birth Anniversary of Mahatma Gandhi (Father of the nation) | - | 2nd October |
| ➢ International Mother Tongue Day | - | 21 February |
| ➢ World Health Day | - | 5 June |
| ➢ Constitution day | - | 26 November |
| ➢ National Education Day | - | 11November |
| ➢ Vigilance Week | - | 28th October to 2nd November |

The faculty and staff of the Regional Centers participated enthusiastically in these programmes. Several Regional Centers invited dignitaries who shared their ideas about significant days.

### Specific Activities and Programmes

The highlights of certain specific programmes of activities of the Regional Centres of NIOS in the country are given below:

### Regional Centre, Bengaluru

- The fourth meeting of the Advisory Committee of Regional Centre (RCAC) was held on 29.05.2019. Certain Policy Decisions and Other Developments of NIOS such as newly introduced Online Admission Portal,

प्रवेश का स्विच ओवर, भारतीय ज्ञान परंपरा (आईकेटी), स्वयंप्रभा (SWAYAM) चैनल, कारागारों तथा बंदीगृहों का प्रत्यायन, स्वयं पोर्टल पर वर्ष 2019 में शिक्षा और पंजीकरण इत्यादि पर चर्चा की गई। बैठक में शिक्षार्थियों के लाभ के लिए सरकारी एजेंसियों की भागीदारी, एनआईओएस कार्यक्रमों के व्यापक प्रचार के लिए निरंतर विज्ञापन, विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की शिक्षा, संगीत का परिचय, ललित कला और रंग कला का आरंभ, खेल तथा ऐच्छिक रूप में ऐसी अन्य गतिविधियों के लिए सुझाव दिए गए।

- केंद्रीय विद्यालय संगठन, बेंगलुरु क्षेत्र के प्रधानाचार्यों का सम्मेलन 27 जुलाई 2019 को आयोजित किया गया। एनआईओएस के विभिन्न कार्यक्रमों तथा नवाचारों के बारे में एक विस्तृत प्रस्तुति दी गई।
- क्षेत्रीय केंद्र बेंगलुरु के नए प्रत्यायित अध्ययन केंद्रों की एक बैठक का आयोजन 28 जुलाई, 2019 को ए-व्यू के माध्यम से किया गया। इसका संचालन एनआईओएस मुख्यालय से किया गया।
- क्षेत्रीय केंद्र बेंगलुरु ने 18 अगस्त, 2019 को टेंपल ऑफ एक्सीलेंस, ओमनियो लर्निंग सेंटर, राजा राजेश्वरी नगर, बेंगलुरु द्वारा अभिभावकों के लिए एनआईओएस के बारे में आयोजित अभिविन्यास कार्यक्रम में भाग लिया। एनआईओएस की एक प्रदर्शनी का स्टाल लगाया गया। एनआईओएस के विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में एक विस्तृत प्रस्तुति दी गई।
- क्षेत्रीय केंद्र बेंगलुरु के प्रत्यायित व्यावसायिक संस्थानों (एवीआई) के समन्वयकों की बैठक 23 सितंबर, 2019 को आयोजित की गई। सभी समन्वयकों को नए व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रमों, समन्वयकों की भूमिका, नए ऑनलाइन प्रवेश पोर्टल, ई-सेवाओं, परीक्षा, प्रचार और प्रवेश में वृद्धि के बारे में जानकारी दी गई।
- डीआईडीएसी के सहयोग से ''नई शिक्षा नीति पर संस्तुति के कार्यान्वयन की संभावनाएँ'' विषय पर दिनांक 24 सितंबर, 2019 को एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी केंद्र, बेंगलूरू में 24 से 26 सितंबर, 2019 तक 10वें डीआईडीएसी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एनआईओएस के प्रचार-प्रसार के लिए क्षेत्रीय केंद्र बेंगलूरू का एक स्टॉल लगाया गया।
- क्षेत्रीय केंद्र बेंगलुरु ने 4 से 5 अक्टूबर, 2019 तक यूएनडीपी रायचूर, कर्नाटक के सहयोग से योजना, कार्यक्रम, निगरानी तथा सांख्यिकी विभाग, कर्नाटक सरकार द्वारा आयोजित गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, कौशल विकास तथा उद्योग, नवाचार और बुनियादी ढांचे के सतत विकास पर तकनीकी सहायता कार्यक्रम में हिस्सा लिया। एनआईओएस के व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए और सहयोग के संभावित क्षेत्रों पर चर्चा की गई।

introduction of e-services, online fee payment, switch over of admission, Indian Knowledge Tradition (IKT), SWAYAM Prabha Channel, accreditation of jails & prisons, 2019 of education and registration in SWAYAM Portal etc. were discussed. The meeting gave suggestions for benefit of learners such as involvement of Govt. agencies, frequent advertisements for wide publicity of NIOS programmes, education of special needs children, introduction of music, fine and performing arts, games and other such activities as electives.

- In the Principals Conference of Kendriya Vidyalaya Sangathan, Bengaluru Region held on 27th July 2019. A detailed presentation was made about various NIOS Programmès and new initiatives of NIOS.
- A meeting of the newly accredited Study Centers of RC Bengaluru region was organized on the 28th July, 2019 through A-view. It was conducted from NIOS HQ.
- The Regional Centre Bengaluru participated in the orientation programme for parents organized on 18th August, 2019 by Temple of Excellence, OMNIO Learning Centre, Raja Rajeshwari Nagar, Bengaluru. An Exhibition Stall of NIOS was set up. A detailed presentation was made about various NIOS programmes.
- The meeting of the coordinators of the Accredited Vocational Institutes (AVI) of RC Bengaluru region was organized on 23rd September, 2019. All The Coordinators were briefed about the new Vocational Education Courses, role of Coordinators, new online admission portal, e-services, Examinations, promotion and enhancement of admission.
- A workshop on "Possibilities of implementing recommendation on New Education Policy" was organized in collaboration with DIDAC on 24th September, 2019.
- The 10th DIDAC event was organized at the International Exhibition Centre, Bengaluru from 24 to 26 September, 2019. An Exhibition Stall of RC Bengaluru was set up to publicise NIOS.
- RC, Bengaluru participated in the Technical Support Programme on Sustainable Development on Quality Education, Skill Development and Industry, Innovation and Infrastructure organized by Planning, Programme, Monitoring and Statistics Department, Government of Karnataka in Collaboration with UNDP at RAICHUR, Karnataka from 4 to 5 October, 2019. The Vocational Education Programmes of NIOS were presented and possible areas of collaboration were discussed.

- क्षेत्रीय केंद्र, बेंगलुरु ने सीआईआई द्वारा पैलेस ग्राउंड, बेंगलूरू में आयोजित एक प्रदर्शनी में हिस्सा लिया। एनआईओएस की विभिन्न योजनाओं को प्रदर्शित करने के लिए एक प्रदर्शनी स्टॉल भी लगाया गया।
- समाज कल्याण विभाग, कर्नाटक सरकार के साथ कई बैठकें करने के बाद एनआईओएस से उत्तीर्ण शिक्षार्थियों को भी कर्नाटक सरकार की पोस्ट मैट्रिक राज्य छात्रवृत्ति के लिए पात्र माना गया।
- एनआईओएस के भारतीय ज्ञान परंपरा कार्यक्रम को बढ़ावा देने के लिए क्षेत्रीय निदेशक, एनआईओएस ने कई पाठशालाओं का दौरा किया और उन्हें एनआईओएस से प्रत्यायन प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया।
- क्षेत्रीय केंद्र, बेंगलूरू ने 18 अक्तूबर, 2019 को स्किल्स फॉर प्रौग्रेस (एसकेआईपी) स्वर्ण जयंती समारोह बेंगलूरू में हिस्सा लिया। एक प्रदर्शनी स्टॉल लगाया गया तथा एनआईओएस कार्यक्रमों के बारे में प्रस्तुति दी गईं।
- क्षेत्रीय केंद्र, बेंगलूरु ने 19 नवंबर, 2019 को आर्थिक समूह द्वारा आयोजित शिक्षा नवाचार सम्मेलन के चौथे भारतीय संस्करण में हिस्सा लिया। एनआईओएस के विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत प्रस्तुति दी गई।
- क्षेत्रीय केंद्र, बेंगलूरू ने 29 जनवरी, 2020 को कर्नाटक कौशल विकास प्राधिकरण और यूनिसेफ, हैदराबाद द्वारा आयोजित जनरेशन अनलिमिटेड केन्सल्टेशन में हिस्सा लिया। इस परामर्शी बैठक में केंद्र तथा राज्य सरकार, निजी क्षेत्र की कंपनियां, उद्योग संघों, संयुक्त राष्ट्रीय एजेंसियां, सिविल सोसायटी संगठनों ने हिस्सा लिया।
- क्षे.कें., बेंगलुरु ने फरवरी 2020 में सेवा के लिए युवा (वाईएफएस) द्वारा आयोजित एनजीओ बैठक में हिस्सा लिया। एनआईओएस की विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत प्रस्तुति दी गई।
- क्षेत्रीय निदेशक ने राज्य संपर्क अधिकारी, एनएसएस प्रकोष्ठ, कर्नाटक सरकार के साथ एनआईओएस योजनाओं को राज्य एनएसएस प्रकोष्ठ की गतिविधियों के रूप में शामिल करने और व्यापक संवर्धन और प्रचार के लिए कई बैठकें कीं।
- राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा प्रारंभ आशा परियोजना स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा नेशनल हेल्थ सिस्टम रिसेर्स सेंटर (एनएचएसआरसी) और एनआईओएस के साथ मिलकर ज्ञान और कौशल मूल्यांकन द्वारा आशा की क्षमता में वृद्धि कर प्रमाण पत्र देने के लिए है। इसमें 66 जिला प्रशिक्षकों और 13825 आशा कार्यकर्ताओं को प्रमाण पत्र दिये गए।
- वर्ष 2019-20 के दौरान प्रत्यायन के लिए 20 संस्थानों **(एआई-3, एवीआई-9, आशा-8)** का निर्धारण किया गया।

- RC, Bengaluru paticipated in an Exhibition at Palace Grounds, Bengaluru organized by CII. An Exhibition Stall was also set up displaying various schemes of NIOS.
- After a series of meetings with the Department of Social Welfare, Government of Karnataka, NIOS pass outs were also considered eligible for the Post Metric State Scholarship of the Government of Karnataka.
- In order to encourage Indian Knowledge Tradition course of NIOS, the Regional Director, NIOS visited several Pathashalas and encouraged them to get accredited with NIOS.
- RC, Bengaluru participated in the Golden Jubilee celebration of Skills for Progress (SKIP), Bengaluru on 18th October 2019. An Exhibition Stall was set up and presentation was made about NIOS programmes.
- RC, Bengaluru participated in the 4th Indian Edition of Education Innovation Conference organized by the Economic Policy Group on the 19th November 2019. A detailed presentation was made about various NIOS programmes.
- RC, Bengaluru participated in the Generation Unlimited Consultation on the 29 January 2020 organized by the Karnataka Skill Development Authority and UNICEF Hyderabad. Many of Central and State Government, Private Sector Companies, Industry Associations, UN Agencies, Civil Society organizations participated in this consultative meet.
- RC, Bengaluru participated in the NGOs Meet in February 2020, organized by Youth for Sewa (YFS). A detailed presentation was made about various NIOS Schemes.
- The Regional Director, had a series of meetings with the State Liaison Officer. NSS Cell, Government of Karnataka for inclusion of NIOS schemes as activities of state NSS Cell, and for wider promotion and publicity.
- The ASHA project (launched by NHM) for certification of ASHA(Accredited Social Health Activists) to enhance competency of ASHAs through knowledge and skill assessment undertaken by the Ministry of Health and Family Welfare (MoHFW), Govt. of India with National Health System Resource Centre (NHSRC) and NIOS. 66 District Trainers and 13825 ASHA workers were certified.
- During 2019-20, **20** Institutions were identified for accreditation **(AI-3, AVI-9, ASHA- 8)**

- दिनांक 22 जुलाई, 2019 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समन्वयकों के लिए एक अधिमुखी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- एवीआई समन्वयकों की बैठक वीडियो कांफ्रेंसिंग के साथ-साथ आमने-सामने बातचीत के माध्यम से दिनांक 6 सितंबर, 2019 को आयोजित की गई। इस बैठक में 30 समन्वयकों ने हिस्सा लिया।
- **आशा परियोजना के महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के अंतर्गत कई गतिविधियों का आयोजन किया गया। एक गतिविधि – 'स्पाइडर वेब' पुरुष वर्चस्व और घरेलू हिंसा का विरोध करने के लिए आयोजित की गई।**
- आशा परियोजना के अंतर्गत **233** शिक्षार्थियों को प्रमाणपत्र दिए गए।
- क्षेत्रीय केंद्र ने कपड़ा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दिनांक 7 अगस्त, 2019 को हथकरघा पार्क, चंदेरी, अशोक नगर, मध्य प्रदेश में आयोजित 5वें राष्ट्रीय हथकरघा दिवस में हिस्सा लिया।

## क्षेत्रीय केंद्र, भुवनेश्वर

- क्षेत्रीय केंद्र भुवनेश्वर में दिनांक 6 सितंबर, 2019 को एआई और एवीआई समन्वयकों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में एआई/एवीआई के 33 समन्वयक/प्रतिनिधि उपस्थित हुए। निम्नलिखित कार्यसूची मदों पर चर्चा की गई :
- एनआईओएस और इसकी गतिविधियाँ
- समन्वयकों की भूमिका और उत्तरदायित्व
- विभिन्न स्ट्रीम और अन्य ई-सेवाओं में ऑनलाइन प्रवेश की प्रक्रिया
- व्यक्तिगत संपर्क कार्यक्रम
- टीएमए मूल्यांकन और अपलोडिंग
- प्रायोगिक परीक्षा और ऑनलाइन प्रावधान
- ओडिशा में प्रवेश (शैक्षिक/व्यावसायिक) का प्रसार
- क्षेत्रीय केंद्र, भुवनेश्वर ने शिक्षा और अनुसंधान, भुवनेश्वर में दिनांक 7 अगस्त, 2019 को आयोजित राष्ट्रीय हथकरघा दिवस में हिस्सा लिया। एनआईओएस के विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में जानकारी प्रदान करने के लिए एक सूचना कियोस्क की स्थापना की गई। क्षेत्रीय निदेशक ने सभागार में उपस्थित लगभग 20,000 व्यक्तियों की सभा को संबोधित करते हुए एनआईओएस की विभिन्न विशेषताओं और लचीलेपन के बारे में बताया।
